
दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## मुंबई हिट एंड रन केस

# मुख्य आरोपी मिहिर शाह गिरफ्तार



### घटना के 60 घंटे बाद कार्रवाई

### कोर्ट ने 11 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेजा

**अमित बृज | मुंबई**

मुंबई के वर्ली हिट एंड रन मामले में मंगलवार को पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। घटना के बाद से फरार चल रहे शिवसेना नेता राजेश शाह के आरोपी बेटे मिहिर शाह को ठाणे के शाहपुर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसकी मां और बहन को भी पुलिस ने विरार इलाके से हिरासत में ले लिया। इस मामले में पहले से ही हिरासत में लिए गए मिहिर शाह के ड्राइवर राजऋषि बिदावत की पुलिस रिमांड सीवरी कोर्ट ने 11 जुलाई तक बढ़ा दी है, जबकि एक दिन पहले ही उसके पिता व शिवसेना नेता राजेश शाह को कोर्ट से जमानत मिल गई थी। हालांकि घटना को लेकर अब एक नई कहानी निकलकर सामने आई है, जिसको मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है।

### नशे में घुत होकर पत्नी पर चढ़ाई गाड़ी

मृतक महिला के पति प्रदीप नख्वा ने कहा कि अगर मिहिर शाह नशे में नहीं होता तो वह गाड़ी रोकता। वो नशे में ही गाड़ी चला रहा था। इसलिए गाड़ी नहीं रोकी। मैंने उसकी गाड़ी पर हाथ मारा, उसे रोकने के लिए कहा, लेकिन वह उनकी पत्नी को घसीटते हुए लेकर चला गया। प्रदीप नख्वा ने कहा कि अब तीन दिन बाद गिरफ्तारी हुई है, लेकिन इंसाफ कैसे मिलेगा, उसके नशे में होने की रिपोर्ट कैसे आएगी? इस मामले की जांच दबाव में हुई है। वह बहुत बड़े नेता का बेटा है और सत्ता पक्ष से सबंधित नेता का बेटा है। इसलिए सरकार से मेरी मांग है कि हमें इंसाफ दें।

### 60 घंटे बाद गिरफ्तारी, कैसे आएगी अल्कोहल रिपोर्ट?

वहीं उद्धव ठाकरे के बेटे व शिवसेना (UBT) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि 60 घंटे बीत जाने के बाद आरोपी मिहिर शाह की गिरफ्तारी हुई है। आदित्य ठाकरे ने कहा कि इस मामले को हिट एंड रन नहीं बल्कि हत्या के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि आरोपी ने जानबूझकर पहले कुछ दूरी तक पीड़िता को घसीटा और उसके बाद गाड़ी को रिवर्स लेकर के फिर से पीड़िता के ऊपर चढ़ाया। ये हिट एंड रन नहीं बल्कि हत्या का मामला बनता है। आदित्य ठाकरे तीन दिन बाद आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। आखिर अब उसके नशे में होने की रिपोर्ट कैसे आएगी? ये पुलिस की लापरवाही का नतीजा है।

### काल चक्र : 'मिहिर शाह ने महिला को घसीटा फिर बदली सीट, ड्राइवर ने दोबारा कुचला'

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, घटना वाले दिन सबसे पहले मिहिर शाह और उसके चार दोस्त मुंबई के जुहू इलाके में गए और वहां पार्टी की। पार्टी का बिल करीब 18 हजार से 19 हजार के बीच आया। पार्टी करने के बाद ये लोग BMW कार, जो कि मुख्य आरोपी मिहिर शाह के ही परिवार की है, उसमें बैठकर बोरीवली गए। बोरीवली में मिहिर ने अपने तीन दोस्तों को उनके घर छोड़ा और उसके बाद ड्राइवर संग मरीन ड्राइव की तरफ आगे बढ़ा। यहां मिहिर ने देर रात करीब 3:30 बजे अपनी एक महिला मित्र से भी मुलाकात की। मिहिर ने मरीन ड्राइव के पास ड्राइवर राजऋषि बिदावत से कहा कि गाड़ी वह खुद चलाएगा। मिहिर ड्राइविंग सीट पर बैठ गया। भोर में करीब सवा पांच बजे के आसपास मिहिर ने सीजे हाउस के पास प्रदीप नख्वा की स्कूटर में टक्कर मारी। स्कूटर पर बैठीं प्रदीप नख्वा की पत्नी कावेरी नख्वा गाड़ी के बंपर पर आ गिरीं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, करीब डेढ़ किलोमीटर तक मिहिर गाड़ी को चलाता रहा। फिर मिहिर और उसका ड्राइवर राजऋषि बिदावत गाड़ी से नीचे उतरे और कावेरी नख्वा को कार से अलग कर दिया। फिर गाड़ी कावेरी के ऊपर से चढ़ा कर आगे ले गया।



### घटना के बाद आरोपी मिहिर ने पिता राजेश शाह को किया फोन

पुलिस को अंदेशा है कि डरी हुई स्थिति में होने के चलते मिहिर ने गाड़ी दूसरी तरफ से निकालने की कोशिश थी, लेकिन हड़बड़ी में गाड़ी महिला के ऊपर से लेकर चला गया। घटना के बाद मुख्य आरोपी मिहिर ने ड्राइवर राजऋषि बिदावत के साथ सीट बदल ली और गाड़ी की स्टेयरिंग उसे थमा दी। पुलिस ने अंदेशा जताया कि आरोपी ने अपने पिता राजेश शाह के कहने पर ऐसा किया गया होगा। जिस वक्त यह घटना हुई, उसके बाद मिहिर ने अपने पिता और कई लोगों को फोन किया। पुलिस उन सभी लोगों से पूछताछ कर रही है, जिन लोगों के संपर्क में मिहिर आया था।

### आरोपी के पिता ने गाड़ी से हटाया शिवसेना का स्टीकर!

पुलिस ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुर्घटना के बाद गाड़ी कुछ दूर तक आगे गई और कलानगर सिग्नल पर बंद पड़ गई। मिहिर के पिता राजेश शाह कलानगर सिग्नल पर सुबह लगभग 6:30 बजे के आसपास पहुंच गए और उन लोगों ने गाड़ी को टो कराने और चूंकि मुख्य आरोपी के पिता शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट के पदाधिकारी हैं और इस बात की जानकारी किसी को न हो, इसलिए गाड़ी पर लगे हुए स्टीकर को भी हटाने की कोशिश की। प्रमुख रूप से पिता राजेश शाह की गिरफ्तारी पुलिस ने इसी आधार पर की थी कि उन्होंने आरोपी की मदद की। वहीं पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद मिहिर ने अपनी गर्लफ्रेंड से मुलाकात की और बोरीवली की तरफ गया, जहां उसकी आखिरी लोकेशन ट्रेस की गई थी।

### केस से जुड़ा पब हुआ सील, मालिक ने किया चौंकानेवाला खुलासा

बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन केस में राज्य सरकार की तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है। सरकार के आबकारी विभाग ने हिट एंड रन केस से जुड़े पब को सील कर दिया है। आबकारी विभाग ने जुहू स्थित वाइस ग्लोबल तापस बार को सील कर किया है। हिट एंड रन केस की जांच में सामने आया था किआरोपी मिहिर शाह यहां पर आया था।दो दिन की जांच के बाद आबकारी विभाग के नियमों का उल्लंघन पाने के बाद पब के खिलाफ एक्शन लिया है। तो वहीं दूसरी तरफ इस मामले में पब मालिक ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पब मालिक ने दावा किया है कि हिट एंड रन के आरोपी ने शराब नहीं पी थी। उसने सिर्फ घटना वाले दिन सिर्फ रेड बुल (एनर्जी ड्रिंक) पी थी। जबकि इससे पहले खुलासा हुआ था कि घटना से पहले आरोपी मिहिर शाह ने अपने चार दोस्तों के साथ जुहू की एक बार में 18 हजार से ज्यादा की शराब पी थी। पब मालिक का दावा पहले के दावे से उलट है।

### अब तक 20 लोगों से पुलिस ने की पूछताछ

अभी तक मुंबई पुलिस ने मामले में करीब 20 लोगों से पूछताछ की है। जिन लोगों के ऊपर पुलिस को संदेह है कि उन्होंने आरोपी को भगाने में मदद की, उनसे भी गहन तरीके से जानकारी इकट्ठा की जा रही है। वहीं मुख्य आरोपी मिहिर शाह की गिरफ्तारी के बाद मृतक महिला के पति प्रदीप नख्वा ने टीवी9 भारतवर्ष से बातचीत की। उन्होंने बताया कि मिहिर शाह ने जब अपनी BMW कार से उनकी स्कूटर में टक्कर मारी तो वह दूर जा गिरे, जबकि उनकी पत्नी कावेरी नख्वा का कपड़ा टायर में लिपट गया। मिहिर पत्नी को घसीटते हुए करीब दो किलोमीटर तक ले गया।

## विधानसभा चुनाव के पहले सरकार ने खोला खजाना



### ▸▸ 94 हजार करोड़ की पूरक मांग पेश

### ▸▸ विधानमंडल इतिहास की यह सबसे बड़ी पूरक मांग

**नितिन तोरस्कर | मुंबई**

राज्य की महायुति सरकार ने विधानसभा चुनाव के ऐन पहले पेश पूरक मांग का नया रिकार्ड बनाया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को 94 हजार करोड़ रुपए की पूरक मांगे विधानसभा में पेश की। विधानमंडल इतिहास की यह सबसे बड़ी पूरक मांग है। इसमें से सर्वाधिक 25 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान लाडली बहन योजना के लिए किया गया है।

**पूरक मांग का बना नया रिकॉर्ड :** विधानसभा चुनाव का सामना करने से पहले राज्य की शिंदे सरकार ने कई लोकलुभावनी योजनाओं के लिए निधि का प्रबंध करने इतना भारी भरकम पूरक मांग पेश की है। चार महिने पहले लोकसभा चुनाव के पूर्व भी राज्य सरकार ने 8 हजार 609 करोड़ की पूरक मांग पेश की थी। जबकि दिसंबर में हुए शीतकालिन सत्र के दौरान भी 55 हजार करोड़ की पूरक मांग पेश की गई थी। तब भी सबसे बड़ी पूरक मांग का रिकार्ड बना था। पर अब महायुति सरकार ने अपना ही पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।

### 17 हजार 334 करोड़ रुपए अनिवार्य खर्च

उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री पवार ने अब 94 हजार 889 करोड़ रुपए की पूरक मांग विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश की है। इसमें से 17 हजार 334 करोड़ रुपए अनिवार्य खर्च, 75 हजार 39 करोड़ कार्यक्रम अंतर्गत खर्च जबकि 2 हजार 515 करोड़ रुपए की पूरक मांग केंद्र सरकार की योजनाओं के आर्थिक मदद के लिए पेश किया गया है। लोकसभा चुनाव में महायुति को मिले झटके के बाद विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने लोगों की नाराजगी दूर करने के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है, जिसमें से लाडली बहन योजना पर सरकार का खास जोर है। मध्यप्रदेश में गेम चेंजर साबित हो चुकी इस योजना के लिए पूरक मांग में सर्वाधिक निधि का इंतजाम किया गया है। पूरक मांग में इसके लिए 25 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जबकि पिछले दिनों पेश राज्य सरकार के अतिरिक्त बजट में इस योजना के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। इसके अलावा महानगरपालिका क्षेत्र और ग्रामीण इलाको के लिए 10 हजार की व्यवस्था की गई है। इस निधि का लाभ सत्ताधारी दल के विधायकों को होगा। मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण और राज्य स्तरिय नमो महारोजगार मेलों के आयोजन के लिए 5 हजार 555 करोड़, नमो शेतकरी महा सम्मान निधि के लिए 5 हजार 60 करोड़, किसानों की खेती को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 4 हजार 194 करोड़ और किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए 2 हजार 930 करोड़ रुपए का प्रावधान पूरक मांग में किया गया है। राज्य के पुलिस पाटील, आगनवाड़ी सेविकाओं, आशा स्वयंसेविकाओं के मानधन के लिए 1 हजार 893 करोड़ रुपए का प्रावधान पूरक मांग में की गई है।

### स्थानीय निकायों को 2 हजार 323 करोड़

स्थानीय निकायों को अनुदान देने के लिए 2 हजार 323 करोड़, महात्मा फुले जन आरोग्य और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बीमा प्रीमियम का भुगतान करने के लिए 1 हजार 400 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 1 हजार 250 करोड़, बकाया भुगतान के लिए 1 हजार 1 हजार, ग्राम पंचायत की जलापूर्ति योजनाओं के बिजली बिल के लिए 136 करोड़ व नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पालिकाओं को नागरिक सेवा सुविधाओं के लिए 1 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध करने के लिए पूरक मांग में प्रावधान किया गया है।

## फर्जी पैथोलॉजी लैब पर नकेल कसने की तैयारी

### नया कानून लाएगी सरकार

**धीरज सिंह | मुंबई**

महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने फर्जी पैथोलॉजी लैब पर कार्रवाई करने के लिए एक कानून का मसौदा तैयार किया है जिसमें उल्लंघनकर्ताओं को दंड दिया जाएगा। राज्य विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सामंत ने कहा कि प्रस्तावित कानून में उचित नियम व विनियमन होंगे तथा उल्लंघन की जांच के लिए उड़न दस्ते गठित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गैर-पंजीकृत पैथोलॉजी लैब को संचालित नहीं होने दिया जाएगा।

### भाजपा विधायक सुनील राणे ने उठाया था मुद्दा

भाजपा के विधायक आशीष शेलार ने कहा कि फर्जी पैथोलॉजी लैब पैसा लूट रही हैं तथा लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रही हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक राजेश टोपे ने कहा कि अगर राज्य सरकार जल्द नया कानून लागू नहीं कर पाती तो नर्सिंग होम कानून में संशोधन किया जाना चाहिए। इस पर मंत्री ने कहा कि नए कानून का मसौदा तैयार है और अगर आवश्यकता पड़ी तो नर्सिंग होम कानून में भी संशोधन किया जाएगा।

## विधानसभा चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे की ताकत बढ़ी

### ▸▸ बसंत मोरे ने राज ठाकरे को दिया झटका, उद्धव गुट में हुए शामिल

**दीपक पवार | मुंबई**



महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने वाला है उससे पहले यहां सियासत तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नव निर्माण में शामिल हुए दिग्गज नेता वसंत मोरे ने अब शिवसेना उद्धव गुट का दामन थाम लिया है। इसी के साथ उन्होंने विश्वासघात के खिलाफ लड़ाई लड़ने का ऐलान कर दिया है। मातोश्री बंगले में उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में वसंत मोरे की पार्टी में एंट्री हुई। पार्टी में शामिल होकर उन्होंने मशाल थामी और शिंदे गुट पर जोरदार हमला बोला। उद्धव ठाकरे ने वसंत मोरे के साथ लौटे सभी नेता, पदाधिकारियों का शिवसेना में स्वागत किया और नई जिम्मेदारी सौंपी। दरअसल वसंत मोरे के साथ ही मनसे के 17 शाखा अध्यक्ष, 5 उपविभागीय अध्यक्ष, 1 शहर अध्यक्ष, पर्यावरण बल के कई पदाधिकारी, परिवहन बल के पदाधिकारी, मथाडी के पदाधिकारी भी ठाकरे समूह में शामिल हो गए। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इससे पुणे में शिवसेना उद्धव गुट की ताकत बढ़ेगी। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा कि ये अच्छी बात है कि वसंत मोरे पहले से और अधिक समझदार होकर लौटे हैं। इसलिए उनके महत्व को समझते हुए उनको नई जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने ऐलान किया कि वसंत मोरे को पुणे में शिवसेना को पहले से कई गुना अधिक बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंप रहा हूं।

## गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के हेड कोच

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को नया हेड कोच मिल गया है। राहुल द्रविड़ की वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ विदाई हुई। इसके बाद मंगलवार (9 जून) को गौतम गंभीर को कमान सौंप दी गई। बतौर खिलाड़ी गौतम गंभीर का सबसे बड़ा योगदान भारत को टी20 और वनडे वर्ल्ड कप जिताने में रहा है। 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में उन्होंने मैच जिताऊ पारी खेली थी। वर्तमान भारतीय टीम में 2 ऐसे खिलाड़ी होंगे, जिनके साथ गौतम गंभीर न सिर्फ खेले हैं बल्कि वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के कोच के तौर पर 3.5 साल का कार्यकाल होगा। वह जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक हेड कोच रहेंगे।



## बदल जाएंगे 7 मुंबई लोकल स्टेशनों के नाम

### ▸▸ विधानसभा में सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव

**मुनीब चौरसिया | मुंबई**

महाराष्ट्र विधान परिषद ने मुंबई के लोकल ट्रेन नेटवर्क पर सात स्टेशन का नाम बदलने के लिए एक प्रस्ताव मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (BJP) और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) की महायुति सरकार अब केंद्र सरकार की स्वीकृति के लिए नए नामों को उसके पास भेजेगी। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल द्वारा पेश प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।




### इन स्टेशनों का बदलेगा नाम

प्रस्ताव के अनुसार, करी रोड स्टेशन का नाम बदलकर लालबाग, सैंडहर्स्ट रोड का नाम डोंगरी, मरीन लाइन्स का नाम मुंबादेवी और चर्नी रोड का नाम गिरगांव रखा जाएगा। सैंडहर्स्ट रोड का नाम बदलना सेंट्रल लाइन के साथ-साथ हार्बर लाइन पर भी लागू होगा। अन्य स्टेशनों में कॉटन ग्रीन स्टेशन का नाम बदलकर कालाचौकी, डॉकयार्ड रोड का नाम मझगांव और किंग्स सर्कल का नाम तीर्थंकर पार्श्वनाथ रखा जाएगा।

### नामों की मंजूरी केंद्र के पास जाएगी

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी वाली महायुति सरकार अब नए नामों को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को सौंपेगी। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया है। मुंबई लोकल ट्रेन के अधिकांश स्टेशनों के नाम अंग्रेजी में हैं। यह तर्क दिया गया है कि वे एक औपनिवेशिक विरासत को दर्शाते हैं।

### पहले भी बदल चुके हैं नाम

ऐसा पहली बार नहीं है, जब मुंबई में किसी स्टेशन का नाम बदला गया है। इससे पहले विक्टोरिया टर्मिनस (वीटी) जैसे प्रतिष्ठित स्टेशनों का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और एलफिंस्टन रोड से प्रभादेवी कर दिया गया था।

# रंगे हाथ दबोचा गया ड्रग इंस्पेक्टर व सहयोगी

## एक लाख में दिलवाते थे मेडिकल स्टोर का लाइसेंस

**दोपहर संवाददाता । कल्याण**

कुछ समय से ड्रग इंस्पेक्टरों द्वारा दवा दुकानदारों को परेशान करने की शिकायतें बढ़ रही हैं। कल्याण के एक व्यक्ति ने मेडिकल दुकान शुरू करने के लिए लाइसेंस की मांग की तो ठाणे खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से अनुमति मांगी तो ड्रग इंस्पेक्टर ने उनसे रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता एक नया मेडिकल शुरू करना चाहता था, उन्होंने इस मेडिकल दुकान के लिए लाइसेंस देने के लिए ठाणे खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से अनुमति मांगी थी, मेडिकल दुकान का लाइसेंस स्वीकृत करने के लिए एक लाख की रिश्वत मांगी गई थी। नवी मुंबई के रिश्वत निरोधक विभाग ने जाल बिछाया और रिश्वत मांगने वाले ठाणे के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर को उसके साथी के साथ 70 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। ठाणे एफडीए ड्रग इंस्पेक्टर का नाम संदीप नरवाने है और उसके सहयोगी प्राइवेट शख्स का नाम सुनील चौधरी है।



### कुछ समय से बढ़ रही शिकायतें

कल्याण पश्चिम में डी मार्ट के सामने 70 हजार की रिश्वत लेते समय दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया, महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है। कुछ समय से ड्रग इंस्पेक्टरों द्वारा दवा दुकानदारों को परेशान करने की शिकायतें बढ़ रही हैं।

### 1 लाख रुपए की रिश्वत मांगी

जानकारी की अनुसार संबंधित शिकायतकर्ता एक नया मेडिकल शुरू करना चाहता था, उन्होंने इस मेडिकल दुकान के लिए लाइसेंस देने के लिए ठाणे खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से अनुमति मांगी, इस विभाग में कार्यरत ड्रग इंस्पेक्टर संदीप नरवने ने शिकायतकर्ता से सरकारी शुल्क के अलावा लाइसेंस देने के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। नरवणे के पार्टनर सुनील चौधरी के जरिए हुए समझौते के बाद 70 हजार रुपए देना तय हुआ।

### कल्याण में डी मार्ट के सामने से गिरफ्तार

शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत नवी मुंबई एंटी करप्शन डिपार्टमेंट से की। इस शिकायत के मुताबिक एंटी करप्शन टीम ने कल्याण में डी मार्ट के सामने जाल बिछाया। संदीप नरवने और उसका साथी सुनील चौधरी दोनों पैसे लेने आए थे। संदीप नरवने को शिकायतकर्ता से 70 हजार लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच पड़ताल की जा रही हैं।

# प्लास्टिक कारखानों व अस्वच्छता फैलाने वालों पर कार्रवाई

## 867 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक के दो कारखानो सहित प्लास्टिक थैली का इस्तेमाल करने वालों पर मनपा आयुक्त अजीज शेख के आदेश पर कार्रवाई कर स्वास्थ्य निरीक्षक और मनपा टीम ने 867 किलो प्लास्टिक जब्त करते अस्वच्छता फैलने वाले के खिलाफ कार्रवाई कर दंड के रूप में 1 लाख, 48 हजार, 550 रुपये वसूल किए गए। इस कार्रवाई से प्लास्टिक व्यपारियो में हड़कंप मच गया है।



### एकल प्लास्टिक उत्पादक कारखाने पर छापा

उल्हासनगर के कॅम्प नं. 02 और 03 में स्थित पेलूमल कंपाऊंड में (सिंगल यूज) एकल प्लास्टिक उत्पादक कारखाने पर छापा मारा गया। इस कार्रवाई के दौरान 365 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक मनपा ने जब्त करते हुए 10,हजार रुपये और 5,हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना भी वसूला गया। साथ ही इस सप्ताह स्वच्छता विभाग द्वारा अस्वच्छता फैलाने वाले 251 लोगों के खिलाफ 98 हजार 550 रुपये और एकल प्लास्टिक का उपयोग और बिक्री करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ 55,हजार रुपये इस तरह कुल मिलाकर, 1 लाख, 48 हजार, 550 रुपये की दंडात्मक कार्रवाई की गई। शहर के सभी मुख्य और आंतरिक रास्तों, फुटपाथों, और नालियों की विशेष सफाई और स्वच्छता कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया जा रहा है।

# धारावी पुनर्विकास परियोजना एक 'बड़ा घोटाला' : पृथ्वीराज चौहान

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने मंगलवार को दावा किया किया कि धारावी झुग्गी की पुनर्विकास परियोजना एक बड़ा घोटाला है और उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से इस पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। राजस्व विभाग की बजटीय मांगों पर महाराष्ट्र विधानसभा में चव्हाण ने कहा कि अक्टूबर में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में सरकार बदलने पर इस पूरी परियोजना को रद्द कर दिया जाएगा। धारावी मुंबई का सबसे बड़ा झुग्गी झोपड़ी इलाका है।

### धारावी पुनर्विकास परियोजना का विरोध

विपक्षी महा विकास आघाडी में शामिल कांग्रेस एवं शिवसेना (यूबीटी) अडाणी समूह द्वारा कार्यान्वित कई अरब रुपये की इस धारावी पुनर्विकास परियोजना का विरोध कर रहे हैं । चव्हाण ने कहा, ''धारावी पुनर्विकास परियोजना एक बड़ा घोटाला है और राज्य सरकार को इस पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिये। या फिर अक्टूबर में जब अगली सरकार सत्ता में आएगी तो पूरी परियोजना रद्द कर दी जाएगी।''



### 'सरकारी जमीन उद्योगपतियों को बहुत कम कीमत पर दी जा रही'

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए हाल ही में कुर्ला में एक डेयरी भूमि सौंपे जाने का उल्लेख मूल निविदा में किया गया था। उन्होंने कहा कि धारावी के पुनर्विकास के लिए कौन सी सरकारी जमीन दी जा रही है, इसका कोई उल्लेख नहीं हैचाहे वह देवनार हो, मुलुंड हो, नमक की जमीन हो। कांग्रेस नेता ने कहा, ''इसकी जांच होनी चाहिए कि सरकार को कितना राजस्व घाटा हो रहा है।'' उन्होंने दावा किया कि सरकारी जमीन उद्योगपतियों को बहुत कम कीमत पर दी जा रही है और सरकार को मिलने वाला सारा राजस्व माफ कर दिया गया है।

# फर्जी पैथोलॉजी लैब पर नकेल कसने की तैयारी

## नया कानून लाएगी सरकार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने फर्जी पैथोलॉजी लैब पर कार्रवाई करने के लिए एक कानून का मसौदा तैयार किया है जिसमें उल्लंघनकर्ताओं को दंड दिया जाएगा। राज्य विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सामंत ने कहा कि प्रस्तावित कानून में उचित नियम व विनियमन होंगे तथा उल्लंघन की जांच के लिए उड़न दस्ते गठित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गैर-पंजीकृत पैथोलॉजी लैब को संचालित नहीं होने दिया जाएगा।



### भाजपा विधायक सुनील राणे ने उठाया था मुद्दा



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक आशीष शेलार ने कहा कि फर्जी पैथोलॉजी लैब पैसा लूट रही हैं तथा लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रही हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक राजेश टोपे ने कहा कि अगर राज्य सरकार जल्द नया कानून लागू नहीं कर पाती तो नर्सिंग होम कानून में संशोधन किया जाना चाहिए। इस पर मंत्री ने कहा कि नए कानून का मसौदा तैयार है और अगर आवश्यकता पड़ी तो नर्सिंग होम कानून में भी संशोधन किया जाएगा। यह चर्चा भाजपा विधायक सुनील राणे के उस सवाल पर हुई जिसमें मुंबई में पैथोलॉजी लैब की संख्या के बारे में आंकड़ें पूछे गए थे। उन्होंने सरकार के इस जवाब पर हैरानी जतायी कि मुंबई महानगरपालिका कानून, 1888 के मौजूदा नियमों के तहत पैथोलॉजी लैब के पंजीकरण के लिए कोई प्रावधान नहीं है।


## वसई विरार शहर महानगरपालिका

### प्रभाग समिति डी आचोळे, नालासोपारा (पु)

दुरध्वनी क्रमांक.7219370006/7219370009

जा.क्र. वविशम/प्रसएफ/कवि/ 1240/2024-25
दिनांक - 08/07/2024

**जाहिर नोटीस**

महाराष्ट्र मुंबई प्रांतिक महानगरपालिका अधिनियम १९४९ चे कलम ४६९ अन्वये जाहिर नोटीस खालील मालमत्तेच्या हस्तांतरण संबंधाने वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिती डीकार्यालय आचोळे नालासोपारा येथे प्राप्त झालेल्या मालमत्ता धारकांच्या प्रकरणपरत्वे नोटीसीनुसार सदर हस्तांतरण संदंभाने कोणत्याही हितसंबंधाने हरकत अगर आक्षेप असल्यास ही नोटीस प्रसिद्ध झाल्यापासून ७दिवसाच्या आत हितसंबंधाच्या व हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिती डी कार्यालय आचोळे नालासोपारा येथे लेखी स्वरूपात हरकत नोंदवावी अन्यथा करवसुलीच्या सोयीसाठी सदर हस्तांतरण करून महानगरपालिका दप्तरी याबाबतची नोंद घेतली जाईल.

| अ.क्र | विभाग | मालमत्ता क्रमांक | रिसीट नं | ज्याच्या नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजे मालमत्ता विकणा-या किंवा करदात्याचे नाव | खरीददाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | माणिकपूर-२/३ | AC२१/३७३१९ | १४५९ | व्हि राम | लिलाभाई राणाभाई पटेल व मरघाबेन लिलाभई पटेल |
| २ | आचोळे -१० | ४३२/७५ | १४६२ | दलिपसिंग घटोरोरा | भंवरी देवी |
| ३ | माणिकपूर-२/३ | AC२१/३७३१८ | १४६३ | र अलमेकुराम | लिलाभाई राणाभाई पटेल व मरधाबेन लिलाभाई पटेल |
| ४ | आचोळे -०९ | ६५८/१८ | १४६५ | उषा ललन राम | हेमा अमित सिंह |
| ५ | आचोळे -०९ | ४३५/१८ | १४६९ | संतोष विलास गोलतकर | दयाराम रामधारी यादव व सिताराम रामधारी यादव |
| ६ | आचोळे -९/२ | ४७६/२१ | १४७२ | मिना अमत जोगदीया | अविष्कार अशोक चाबुकस्वार व निर्मला अशोक चाबुकस्वार |
| ७ | आचोळे -०५ | १०३/१ | १४७४ | शेख सगीर मो.रईस | आसिफ अली अब्बास अली संग्राम व यास्मिन बानो अली संग्राम |
| ८ | आचोळे -९/१ | ५६५/८ | १४७६ | निहार उल्हास म्हात्रे व पायल निहार म्हात्रे | महेंद्र गुप्ता व सोनाली एम गुप्ता |
| ९ | आचोळे -१० | १३३/६२ | १४८० | शकुन त्रिपाठी | शहीदुननीशा मोहमद मुस्तफा शेख व मोहम्मद जेयौल एच खान |
| १० | आचोळे -१० | १३५/३७ | १४८२ | इंद्रपूरम रिसोर्ट प्रा.लि | शहीदुननीशा मोहमद मुस्तफा शेख व मोहम्मद जेयौल एच खान |
| ११ | आचोळे -९/१ | ५७४/१०३ | १४८४ | राजेंद्र गुरीद्रसिंग अहलुवालीया | आशीष कुमार अरविंद मिश्रा व अजय अरविंद मिश्रा |
| १२ | आचोळे -०८ | ७१/८ | १४८८ | मिथिलेश कुमारी नेकपाल | सोनू नेकपाल कनौजिया |
| १३ | आचोळे -९/२ | ६३९/११९ | १४९१ | सिमरन तुळशीराम नाईक | सुशांत सुंदर शेट्टी व शोभा सुंदर शेट्टी |
| १४ | आचोळे -०५ | ८०/३ | १४९३ | गोविंदजी हासजी सोलंकी | अनिल पांडूरंग बने |
| १५ | आचोळे -०७ | ३५/९२ | १४९५ | के के पुजारी | प्रल्हाद मनोज जाधव |
| १६ | आचोळे -१० | ३४८/२७ | १४९८ | अनिल जगन्नाथ चव्हाण | सोनिया सुनिल मॅथ्यू व सुनिल मॅथ्यू |
| १७ | आचोळे -०२ | २७३/६४ | १५०० | सरोज एन पटेल | अशोक धाकू खळे |
| १८ | आचोळे -९/२ | ६४७/१०८ | १५०२ | आशिष ढोलकीया | शिवम प्रमोद सिंह |
| १९ | माणिकपूर-२/२ | AC२०/४५४७७ | १५०४ | विक्रम शर्मा | निशांत नरेंद्र पुरोहित |
| २० | आचोळे -९/१ | ६२२/६४ | १५०६ | मदनसिंग राजपुरोहीत | शिवलाल वनाराम मालवीया |

सही/-
**प्र. सहा. आयुक्त**
प्रभाग समिती ''डी'', आचोळे
वसई विरार शहर महानगरपालिका


# कंटेनर ने युवक को कुचला, हुई मौत

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी के अंजूरफाटा मानकोली रोड पर एक पैदल चल रहे 58 वर्षीय व्यक्ति को एक कंटेनर ने कुचल दिया है। जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। नारपोली पुलिस ने फरार कंटेनर चालक पर उसके नंबर के जरिए उसके चालक पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कामतघर इलाके के गणेश नगर में रहने वाले व सिक्युरिटी गार्ड का काम करने वाले सूरज रामकिसन मंडल (58) सोमवार की रात 8.45 बजे मानकोली रोड पर पैदल जा रहे थे। जैसे ही वे प्रदीप होटल के सामने पहुंचे उसी समय पीछे से आ रहे कंटेनर नंबर एमएच.04. ईएल. 0590 ने उन्हें कुचल दिया और फरार हो गया है। इस हादसे में सूरज की घटनास्थल पर मौत हो गई है। नारपोली पुलिस ने मृतक के सहयोगी सिक्युरिटी गार्ड लालबाबू केशरी की शिकायत पर फरार कंटेनर चालक के खिलाफ सीआर नंबर 1342/2024 में बी.एन.एस की धारा 281, 106 व मोटर वहान एक्ट की कलम 184, 134 (अ)(ब) के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

# पिता-पुत्र ने रेलवे ट्रैक पर लेटकर दी जान

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

33 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके पिता ने भायंदर स्टेशन के पास आ रही लोकल ट्रेन के सामने लेटकर आत्महत्या कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### आकस्मिक मौत का मामला दर्ज

पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान जय मेहता और उनके पिता हरीश मेहता (60) के रूप में हुई है, जो दोनों वसई के निवासी हैं।

### पटरियों पर लेटते हुए दिखे पिता-पुत्र

फुटेज में दोनों को एक-दूसरे का हाथ थामे और ट्रेन को आते देख पटरियों पर लेटते हुए दिखाया गया है। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई, जब पालघर जिले के भयंदर स्टेशन से एक लोकल ट्रेन रवाना हुई।

# उपभोक्ता संगठनों को नये रास्ते खोजने चाहिए-सचिन अहीर

**नितिन तोरस्कर । मुंबई**

आज के प्रतिस्पर्धी युग में सहकारी उपभोक्ता संगठनों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और इससे निपटने के लिए उन्हें नए क्षेत्रों का चयन करना होगा, यह विचार राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ के अध्यक्ष, शिव सेना ठाकरे समूह के उपनेता, विधायक सचिन अहीर ने व्यक्त किये। राष्ट्रीय मजदूर केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ की 49वीं वार्षिक आम बैठक रविवार को महात्मा गांधी सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंदराव मोहिते ने की.

### मिल मजदूरों के रुके हुए मकानों को दी जाएगी प्राथमिकता



विधायक सचिन अहीर ने कहा कि ऑनलाइन के युग में ग्राहक को एक ही वस्तु पल भर में उपलब्ध हो सकती है। इसलिए उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि इस प्रतिस्पर्धी माहौल में सहकारी संस्थाओं को कैसे बढ़ाया जा सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि आज के उपभोक्ता संगठनों, क्रेडिट संस्थानों को व्यावसायिक सिद्धांतों के आधार पर ग्राहक केंद्र बनाने जैसी नई पहल ढूंढनी होगी। उन्होंने कहा कि हम सरकार से विधान परिषद में मिल मजदूरों के रुके हुए मकानों के सवाल का जवाब मांगेंगे और आश्वासन दिया कि महा विकास अघाड़ी सरकार सत्ता में आने पर इस मुद्दे को निश्चित रूप से प्राथमिकता दी जाएगी. कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अध्यक्ष गोविंदराव मोहिते एवं अतिथियों द्वारा किया गया।

# अधिकारियों को पदोन्नति के विरुद्ध मूल पद पर रखा जाए : शिंदे

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका में इस समय सभी विभागों में प्रभारी अधिकारियों की आवाजाही चल रही है। क्लर्कों को सीधे सहायक आयुक्त से लेकर उपायुक्त तक का कार्यभार सौंपा जाता है। इसका खामियाजा ठाणे नगर निगम को भुगतना पड़ रहा है। इसलिए महाराष्ट्र नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रवींद्र शिंदे ने मांग की है कि सभी प्रभारी अधिकारियों को उनके मूल पद पर वापस लाया जाए और उनसे अतिरिक्त वेतन वसूला जाए। इसी मांग को लेकर वे स्वतंत्रता दिवस पर भूख हड़ताल करेंगे।

# प्रतिबंधित पीओपी मूर्तियों की बिक्री करने वालों पर होगी कार्रवाई

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर मनपा द्वारा आगामी उत्सव इको-फ्रेंडली रूप से मनाने के लिए व पीओपी के प्रतिबंध को लेकर मार्गदर्शन देने के लिए सोमवार 8 जुलाई को मनपा मुख्यालय के स्थायी समिती सभागृह में शहर के मूर्ति निर्माता/मूर्तिकार तथा कारखानेदारों की एक बैठक का आयोजन किया गया था। उमनपा आयुक्त अजीज शेख, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर व पर्यावरण विभाग के उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में मनपा प्रशासन द्वारा मूर्तिकारों को यह जानकारी दी गई कि महाराष्ट्र राज्य



के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में 17 मई 2023 को इको-फ्रेंडली उत्सव मनाने के संबंध में आयोजित बैठक में सभी महानगरपालिकाओं के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू गणपति इको-फ्रेंडली हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे।

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** — अकेले रहो, तभी विचारों का जन्म होता है : निकोला टेस्ला

## भाजपा विधायक पर घोटाले में शामिल होने का आरोप



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक जयंत पाटिल ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा में आरोप लगाया कि कोरोना महामारी के समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक विधायक एक सरकारी स्वास्थ्य योजना का लाभ उठाने के लिए मृत लोगों को जिंदा दिखाए जाने के मामले में शामिल था। स्वास्थ्य विभाग की बजटीय मांग को लेकर पाटिल ने कहा कि महामारी के दौरान पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले के एक अस्पताल ने स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को दिए जाने वाले लाभ को लेने के लिए मृत व्यक्तियों को जीवित दिखाया और फिर आरोप लगाया कि भाजपा विधायक जयकुमार गोरे इस 'घोटाले' में शामिल थे। विपक्षी दल के विधायक ने कहा, ''इस मामले में मुख्य आरोपी सत्तारूढ़ भाजपा का एक विधायक है, जो सत्ता में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों का करीबी माना जाता है।''

इस आरोप के बाद सतारा जिले के विधायक गोरे तुरंत अपनी सीट से उठे और मांग की कि आरोप की जांच के लिए राज्य के पूर्व मंत्री पाटिल के नेतृत्व में एक समिति गठित की जाए। पाटिल ने कहा कि सतारा अस्पताल कोल्हापुर स्थित एक शिक्षा सोसायटी द्वारा चलाया जाता है।

## '10 सालों का डेटा दीजिए...'

### राउत ने पिछले एक दशक में मारे गए जवानों की संख्या साझा करने की मांग की



**मुंबई।** 8 जुलाई को जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में 5 सैन्यकर्मियों की मौत से तनाव बढ़ गया है। इस हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित पांच सैन्यकर्मी मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। इस आतंकी हमले को लेकर विपक्षी लगातार केंद्र सरकार को घेर रही है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी से लेकर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। इस बीच अब शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भी सरकार से बड़ी मांग कर दी है। राउत ने मंगलवार को केंद्र सरकार से पिछले एक दशक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए लोगों की संख्या साझा करने का आह्वान किया। पत्रकारों से बात करते हुए, राज्यसभा सदस्य ने 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद क्षेत्र में बढ़ते हालात पर चिंता व्यक्त की।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## फडणवीस ने नदी जोड़ो परियोजना पर चर्चा के लिए राज्यपाल से मुलाकात की



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और वैनगंगा व नलगंगा नदी-जोड़ो परियोजना पर चर्चा की। फडणवीस ने राज्यपाल से दक्षिण मुंबई स्थित राजभवन में मुलाकात की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने राज्यपाल के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें 'एक्स' पर भी पोस्ट कीं। पोस्ट के मुताबिक, फडणवीस ने विदर्भ क्षेत्र में वैनगंगा-नलगंगा नदी-जोड़ो परियोजना को जल्द से जल्द मंजूरी देने को लेकर विस्तृत चर्चा की।

**भड़काऊ भाषण मामला**

# बीजेपी नेता नितेश राणे को राहत

## महाराष्ट्र पुलिस ने हाईकोर्ट में किया नीतेश राणे का बचाव

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र पुलिस ने बांबे हाई कोर्ट को मंगलवार को बताया कि वह नीतेश राणे समेत अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने की धाराएं नहीं लगाने वाले हैं। चूंकि इन भाजपा नेताओं ने अपने भाषणों में रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों के खिलाफ बातें कहीं हैं जो किसी भारतीय या अन्य समुदाय के खिलाफ नहीं हैं। रोहिंग्या और बांग्लादेशी भारत के नहीं हैं और वह इस देश में अवैध रूप से आए हैं, इसलिए उनके संभाषण से किसी भारतीय या किसी समुदाय की भावनाएं आहत नहीं होती हैं।



### सरकारी वकील ने क्या कहा?

सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने मंगलवार को जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और श्याम चंदक की खंडपीठ को बताया कि चार में से तीन मामलों पर भाजपा नेता नीतीश राणे पर किसी वर्ग या संप्रदाय के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने की धारा नहीं लगाई गई है। संबंधित इलाकों के पुलिस कमिश्नर ने राणे के भाषणों की प्रतिलिपि पढ़ी और यह निष्कर्ष निकाला है कि 259ए के तहत दर्ज केस इस धारा में फिट नहीं बैठता है। इसलिए इस धारा के तहत कोई भी मामला नहीं आता है।

### भारत के नहीं है रोहिंग्याः सरकार

भाजपा नेता का पूरा भाषण रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों के खिलाफ है जो भारत के नहीं हैं। इसलिए इससे भारतीयों की भावनाएं भड़कने का सवाल ही नहीं उठता है। ऐसे शब्दों के उच्चारण से किसी भारतीय या किसी समुदाय की भावनाएं आहत नहीं होती हैं। यह दलील सुनकर खंडपीठ ने बयान को स्वीकार कर लिया और इस बात का संज्ञान लिया कि पुलिस कमिश्नर ने भाषण को पूरा देखा है।

### राणे के खिलाफ चार मामले किए गए हैं दर्ज

उल्लेखनीय है कि राणे के खिलाफ चार केस दर्ज किए गए हैं, जिनमें उन पर रैलियों के दौरान अपने भाषण से धार्मिक समूहों के बीच विद्वेष और वैमनस्य फैलाने का आरोप लगाया गया है। भाजपा नेता के खिलाफ मनखुर्द पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता के तहत एक केस दर्ज है, जिसमें पुलिस ने उन पर 295ए (किसी वर्ग या संप्रदाय के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने) की धारा भी लगाई है।

# अजित पवार ने सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन के साथ की विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पार्टीयां तैयारियों में लगी हुई है। इस बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे समेत एनसीपी के नेताओं के साथ मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन किए। दर्शन करने के बाद अजित पवार ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार प्रसार अभियान शुरू करने से पहले यह अच्छी शुरुआत है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ उनके बेटे पार्थ पवार, एनसीपी सांसद सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल, विधायक अनिल पाटिल, धनंजय मुंडे, दिलीप वलसे पाटिल और पार्टी के अन्य विधायक मौजूद थे। अजित पवार तथा अन्य नेता मंत्रालय के पास के पार्टी कार्यालय से एक बस में सवार होकर मंदिर के लिए निकले थे।



### अजित पवार ने क्या कहा?

सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन करने के बाद अजित पवार ने पत्रकारों को बताया कि आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान शुरू करने, पार्टी को मजबूत करने और विकास के एजेंडे के साथ लोगों के पास जाने के लिए भगवान का आशीर्वाद लेकर यह एक अच्छी शुरुआत है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को पुणे जिले के बारामती में एक रैली आयोजित की जा रही है जिसमें एनसीपी की भावी योजनाओं का ऐलान किया जाएगा।

### इस दिशा में प्रयास किए जारी

जानकारी के लिए बता दें कि राज्य विधान परिषद की 11 सीटों के लिए 12 जुलाई को चुनाव प्रस्तावित है। विधान परिषद चुनाव में एनसीपी के दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के सभी नौ उम्मीदवार जीतेंगे, इस पर पवार ने कहा, "इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।" महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राकांपा शामिल हैं।

### विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव

गौरतलब है कि विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव के लिए विपक्षी दलों के तीन उम्मीदवार सहित कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। विपक्षी एनसीपी (शरदचंद्र पवार) ने दावा किया कि अजित पवार नीत गुट के कई विधायक उसके संपर्क में हैं और वे राज्य का बजट पारित होने के बाद एनसीपी संस्थापक शरद पवार के गुट में फिर से शामिल हो सकते हैं। पिछले साल जुलाई में अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर दी थी जिससे एनसीपी दो गुटों में बंट गई थी।

## जीएसटी अधिकारी ने सतारा में 640 एकड़ जमीन खरीदी, नियमों का उल्लंघनः वडेट्टीवार



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने मंगलवार को कहा कि गुजरात में तैनात जीएसटी विभाग के एक अधिकारी ने पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील सतारा जिले में 640 एकड़ जमीन खरीदी है और आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में सभी नियमों का उल्लंघन किया गया है। वडेट्टीवार ने राज्य विधानमंडल के निचले सदन में बजटीय मांगों पर बहस के दौरान बोलते हुए कहा कि संबंधित भूमि सतारा में कंदती घाटी में स्थित है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

क्र.डीवाई.सीएच.ई.एमएंडई/1420/ई.एस. दिनांक.08/07/2024

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (मेक एंड इलेक्ट) |
| उप विभाग | डीवाई. मुख्य अभियंता (मेक एंड इलेक्ट) ई.सब |
| ई-निविदा नं. | 2024_एमसीजीएम_1048650_1 |
| विषय | बाबासाहेब अंबेडकर मैटरनिटी होम टैगोरनगर, विक्रोली पूर्व, "एस" वार्ड में इन्वर्टर की एसआईटीसी। |
| निविदा बिक्री | बोली आरंभ तिथिः 10.07.2024 समय : सुबह 11.00 बजे<br>बोली समाप्ति तिथि : 18.07.2024 समय : शाम 04.00 बजे |
| वेबसाइट | www.mahatenders.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | - |
| ए) नाम | श्री अनिल बी. भोईर |
| बी) कार्यालय टेलीफोन | - |
| सी) मोबाइल न. | 9822965422 |
| डी)ईमेल एड्रेस | se03es.me@mcgm.gov.in |

हस्ता/-
(श्रीमती. आर. एस.कदम)
कार्य.अभि.(एम एंड ई) ई.एस.

पीआरओ/425/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## प्रशासनिक मुख्यालय की पांचवीं मंजिल से कूदने की दी धमकी

### पुलिस ने बुजुर्ग को हिरासत में लिया

**मुंबई।** मुंबई में महाराष्ट्र सरकार का प्रशासनिक मुख्यालय मंत्रालय में एक 55 साल के व्यक्ति ने पांचवीं मंजिल की खिड़की से कूदने की धमकी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान उन्हें इमारत के अंदर जाने का अनुरोध किया गया। उन्होंने आगे कहा कि बाद में पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया।



### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, सतारा निवासी अरविंद पाटिल नाम का बुजुर्ग व्यक्ति दोपहर करीब 3 बजे क्षिण मुंबई में सचिवालय की एनेक्सी बिल्डिंग में दाखिल हुए और पांचवीं मंजिल पर जाकर एक खिड़की के किनारे जाकर चढ गए। वहीं से 55 वर्षीय व्यक्ति ने कराड-चिपलुन राष्ट्रीय राजमार्ग पर गड्ढों और पेड़ों की कटाई की जांच की मांग की।

### मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल कर्मी

अधिकारियों के मुताबिक, बुजुर्ग ने इमारत से कूदने की धमकी दी, जिसके बाद पुलिस और दमकल कर्मियों को मौके पर बुलाया गया। कर्मियों ने उनसे ऐसा कदम न उठाने के लिए मनाने की भी कोशिश की और कूदने की स्थिति में उसे पकड़ने के लिए जमीन पर जाल भी लगाया।

### बुजुर्ग की होगी काउंसलिंग

उन्होंने आगे कहा कि कुछ दमकल कर्मी पांचवीं मंजिल पर गए और उस व्यक्ति से बातचीत करने के बाद उसे अंदर ले आए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। अधिकारी के मुताबिक, व्यक्ति को बाद में मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन ले जाया गया है, जहां उसकी काउंसलिंग की जाएगी।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE hereby given public at large that, an Original Agreement for sale dated 30/09/2022 entered between Mr. PARSHURAM HARI SHINDE and Mr. RUPLAL BHEKHLAL YADAV for the FLAT No.303 on the 3 rd Floor, SHREE SAMARTH (SRA) CHS LTD., situated at BLDG NO.3, KHANDWALA COMPOUND, DATTA MANDIR ROAD, VAKOLA BRIDGE, SANTACRUZ (EAST), MUMBAI 400 055 along with Original Registration Slip have been lost/misplaced within the vicinity, the founder of the said original documents please return to the present owner Mr. RUPLAL BHEKHLAL YADAV or to the undersigned / society within 15 days from the publication of this notice, else it is considered that said Original documents are lost /misplaced permanently.

Place: Mira Road (East).
Dated:10/07/2024

Sd/-
**Mr. VIVEK SINGH**
**Advocate, High Court, Bombay**
Address: 001/Dynasty Bldg, Shanti Park, Mira Road (E).Dist. Thane 401 107\ Mob-9769990888

**सलमान खान फायरिंग केस**

## पुलिस ने कोर्ट में 1 हजार 735 पन्नों की चार्जशीट पेश की



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई ने विशेष कोर्ट में 1 हजार 735 पन्नों की चार्जशीट पेश की है। इस चार्जशीट में 46 गवाहों की गवाही, 22 पंचनामे की प्रति कोर्ट को प्रस्तुत की गई है। चार्जशीट में बताया गया है कि यह फायरिंग सलमान खान को डरा कर रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से की गई थी। उल्लेखनीय है कि सलमान खान के बांद्रा स्थित घर गैलेक्सी पर 14 अप्रैल को तड़के फायरिंग की गई थी। इस घटना में आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उस समय बिश्नोई गैंग ने इस फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी, जिससे लोगों में दहशत फैल गई थी। इसलिए चार्जशीट में बिश्नोई गैंग का भी उल्लेख किया गया है। चार्जशीट में 46 गवाहों की गवाही के साथ-साथ कई दस्तावेज और सीआरपीसी की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए गए आरोपितों के बयान शामिल हैं।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

(हाइड्रोलिक अभियंता विभाग)

क्र.डीवाईएचई/पीपीसी/2511/पंजरापुर दिनांक 08/07/2024

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त पात्र बोलीदाताओं से 'दर के आधार पर' निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। बोली शुरू होने की तारीख और समय और बोली समाप्ति की तारीख और समय निविदा अनुभाग के तहत एमसीजीएम की वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है।

| अनु. क्र. | बोली संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 2024_एमसीजीएम_1048525 | 100 केवी सबस्टेशन पंजरापुर में प्रोटेक्शन रिले और संबद्ध विद्युत कार्यों की एसआईटीसी। |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के आगे के विवरण के लिए नगर निगम की वेबसाइट **http://portal.mcgm.gov.in** पर जा सकते हैं।

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता
(एम एंड ई) पंजरापुर

पीआरओ/413/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

टेली.नं.-022-66405432, ई-मेल : eewest.msib@mhada.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई) कमरा नंबर 537, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नंबर (022) 66405432 द्वारा खुली निविदा /नियमित ई-निविदा 6 काम की संख्या के लिए बी1 (प्रतिशत दर) के रूप में पीडब्ल्यूडी / म्हाडा / सीपीडब्ल्यूडी / सिडको / एमईएस / एमजेपी / एमआईडीसी / भारतीय रेलवे / बीपीटी / एमसीजीएम के साथ पंजीकृत ठेकेदारों या किसी सरकारी/अर्धसरकारी संगठन या ठेकेदार के अनुरूप उपयुक्त वर्ग में, वाया ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली आमंत्रित कर रहा है। विस्तृत निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे और डाउनलोड किया जा सकेगा महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in, पर, बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। निविदा अनुसूची इस प्रकार है।

| अ. क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तारीख | | चरण विवरण | समय अवधि की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दस्तावेजों की बिक्री शुरू | 11/07/2024 सुबह 10.30 बजे | 2. | दस्तावेज बिक्री समाप्त | 28/07/2024 शाम 6.15 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली खोलना | 22/07/2024 सुबह 10.30 बजे के बाद | 4. | मूल्य बोली खोलना | 24/07/2024 सुबह 10.30 बजे के बाद |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Note.1 कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना देखें।

Note. 2 शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है।

सीपीआरओ/ए/443
म्हाडा-गृह निर्माण क्षेत्र की अग्रणी संस्था

हस्ता/
कार्यकारी अभियंता (डब्ल्यू),
एम.एस आई बी बोर्ड, मुंबई

संपादकीय

# गहराता भूजल संकट

यह आंकड़ा डराने वाला है कि उत्तर भारत में भूजल का स्तर 450 घन किलोमीटर तक घट गया है। पिछले दो दशकों में आई यह गिरावट इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में खेती व जीवनयापन के लिए पानी की किल्लत हो सकती है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर में सिविल इंजीनियरिंग और पृथ्वी विज्ञान के 'विक्रम साराभाई चेयर प्रोफेसर' के एक अध्ययन में बताया गया है कि दो दशक में भूजल में आयी यह कमी भारत के सबसे बड़े जलाशय इंदिरा सागर बांध की कुल जल भंडारण मात्रा का 37 गुना है। दरअसल, भूजल में इस कमी की एक बड़ी वजह वर्ष 1951 से 2021 के बीच मानसूनी बारिश में 8.5 फीसदी की कमी आना है। इस संकट का दूसरा पहलू यह भी है कि उत्तर भारत में सर्दियों के तापमान में 0.3 सेल्सियस वृद्धि देखी गई है। इस बात की पुष्टि हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान संस्थान के शोधार्थियों के एक दल ने की है। मानसून के दौरान कम बारिश होने और सर्दियों के दौरान तापमान बढ़ने के कारण आने वाले वर्षों में निश्चित रूप से सिंचाई के लिये पानी की मांग में वृद्धि होगी। वहीं पानी की मांग बढ़ने से भूजल पुनर्भरण में भी कमी आएगी। जिसका दबाव पहले से ही भूजल के संकट से जूझ रहे उत्तर भारत के इलाके पर पड़ेगा। हैदराबाद स्थित एनजीआरआई का अध्ययन चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जहां एक ओर मानसून के दौरान बारिश में कमी आएगी, वहीं सर्दियों में अपेक्षाकृत अधिक तापमान रहने से भूजल पुनर्भरण में छह से 12 फीसदी तक की कमी आ सकती है। संकट का एक पहलू यह भी है कि हाल के वर्षों में मिट्टी में नमी में कमी देखी गई है। जिसका निष्कर्ष यह भी है कि आने वाले वर्षों में सिंचाई के लिये पानी की मांग में वृद्धि होगी। निश्चित ही यह स्थिति हमारी खेती और खाद्य शृंखला की सुरक्षा के लिये चिंताजनक कही जा सकती है।

वहीं दूसरी ओर शोधार्थियों ने अपने अध्ययन में पाया है कि मानसून के दौरान बारिश के प्रतिशत में गिरावट तथा सर्दियों में तुलनात्मक रूप से मौसम के गर्म होने से फसलों की सिंचाई के लिये अधिक भूजल की जरूरत पड़ेगी। इसकी वजह यह भी है कि सर्दियों में तापमान अधिक होने से खेतों की मिट्टी तुलनात्मक रूप से शुष्क हो जाती है। यह कमी तभी पूरी हो सकती है जब हल्की बारिश की अवधि अधिक हो। देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि भूजल के स्तर को कैसे ऊंचा रखा जा सके। जहां एक ओर वर्षा जल संग्रहण को ग्रामीण व शहरी इलाकों में युद्धस्तर पर शुरू करने की जरूरत है, वहीं अधिक पानी वाली फसलों के चक्र में बदलाव लाने की भी आवश्यकता है। इस संकट के आलोक में खेतिहर वर्ग को मुफ्त बिजली-पानी की राजनीति पर पुनर्विचार की जरूरत भी है। भूजल की सहज व सस्ती उपलब्धता उसके अधिक उपयोग को प्रेरित करती है। कृषि वैज्ञानिकों को ऐसी फसलों के लिये अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा, जो ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के बावजूद अधिक तापमान व कम पानी में अधिक उपज दे सकें। सरकारों को यह नहीं भूलना चाहिए कि 140 करोड़ लोगों के लिये खाद्यान्न उपलब्ध कराना उनका प्राथमिक दायित्व है।

शख्सियत | बेगम परवीन सुल्ताना

## शास्त्रीय गायन की रानी



**बेगम परवीन सुल्ताना पटियाला घराने की एक प्रसिद्ध असमिया हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका हैं। वह भारत की प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिकाओं में से एक हैं और उन्हें शास्त्रीय गायन की रानी के रूप में जाना जाता है।परवीन सुल्ताना को वर्ष 1976 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह 23 साल की उम्र में यह पुरस्कार पाने वाली सबसे कम उम्र की हैं।**

परवीन सुल्ताना का जन्म 10 जुलाई 1950 में असम के नागांव शहर के ढाकापट्टी में इकरामुल माजिद और मारूफा माजिद के घर हुआ था। उनके पिता, स्वर्गीय इकरामुल माजिद उनके पहले गुरु थे और उन्होंने उन्हें गायन सिखाया। परवीन सुल्ताना को शुरुआती तालीम भी अपने दादा मोहम्मद नजीफ खान से मिली।बाद में वह स्वर्गीय पंडित चिन्मय लाहिड़ी के मार्गदर्शन में संगीत सीखने के लिए कोलकाता चली गईं और वर्ष 1973 से वह पटियाला घराने के उस्ताद दिलशाद खान की शिष्या बन गईं। परवीन सुल्ताना की शादी उस्ताद दिलशाद खान से हुई और उनकी एक बेटी है।

परवीन सुल्ताना ने अपना पहला स्टेज प्रदर्शन वर्ष 1962 में दिया था जब वह केवल 12 वर्ष की थीं और 1965 से संगीत रिकॉर्ड कर रही हैं। उन्होंने गदर, कुदरत, दो बूंद पानी और पाकीज़ा जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों के लिए गाया है।

हाल ही में उन्होंने विक्रम भट्ट की फिल्म 1920 का थीम सॉन्ग गाया है। परवीन सुल्ताना ने एचएमवी, पॉलीडोर, म्यूजिक इंडिया, भारत रिकॉर्ड्स, औविडिस, मैग्नासाउंड, सोनोडिस्क और एमिगो के लिए संगीत रिकॉर्ड किया है। परवीन सुल्ताना ने आर डी बर्मन, नौशाद, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल और शकर जयकिशन जैसे कई संगीतकारों के साथ काम किया है।परवीन सुल्ताना ने अपने पति के साथ अमेरिका, फ्रांस, रूस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, अफगानिस्तान सहित देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों में दौरा और प्रदर्शन किया है। उन्होंने मुंबई में 'गन रंगा संगीत सभा' नाम से एक संस्थान शुरू किया है। वह फिलहाल मुंबई में रहती हैं।

1986 में मियां तानसेन पुरस्कार, 1994 में असम सरकार द्वारा संगीत सम्रगगी प्रदान किया गया, वर्ष 1981 में 'हमें तुमसे प्यार कितना' गीत के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायक पुरस्कार।उन्हें 1999 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, वर्ष 1972 में क्लियोपेट्रा ऑफ़ म्यूज़िक पुरस्कार और असम सरकार द्वारा श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार भी मिला।

# तर्कशील सोच विकसित करें समाज में



इन दिनों एक बाबा बहुत चर्चा में है। उसके द्वारा आयोजित सत्संग में एक सौ इक्कीस लोगों की जान जा चुकी है। न जाने कितने घायल हुए हैं। मरने वालों में स्त्रियां और बच्चे भी हैं। हमें बुरा तो लगता है, जब पश्चिम के लोग भारत को चमत्कार और अंधविश्वासों का देश कहते हैं, मगर किसी हद तक सच भी है। हालांकि, पश्चिम के लोग भी कोई कम नहीं, जहां बहुत से धूर्त चमत्कारी पानी पिलाकर लोगों को ठीक करने का दावा करते हैं। अपने यहां भी ऐसा होता है।

भारत में ऐसे असंख्य बाबा हैं, जिनके असंख्य भक्त भी हैं। बड़े-बड़े आश्रम हैं। सुख-सुविधाओं की कोई कमी नहीं। इनमें से बहुत से गम्भीर अपराधों में पकड़े भी गए हैं, मगर एक पकड़ा जाता है तो दस प्रकट हो जाते हैं।

लोग कह रहे हैं कि आखिर ऐसे बाबाओं के फेर में जनता आती ही क्यों है। इसका एक बड़ा कारण तो ऐसे बाबाओं का प्रभामंडल इस तरह से गढ़ा जाता है कि लोग इनके जाल में फंस जाते हैं। ये लोगों को परेशानियों से मुक्ति का भ्रम देते हैं। आखिर बीमारी की अवस्था में परेशान लोग डाक्टरों के पास क्यों नहीं जाते। इसका बड़ा कारण है। अपने देश में चिकित्सा सुविधाओं का घोर अभाव। दूर-दराज के गांवों को तो छोड़िए, छोटे शहरों तक में ऐसे अस्पताल नहीं हैं, जो ठीक-ठाक इलाज कर सकें। जो हैं उनमें से बहुत से ऐसे हैं जो मरीज और उसके परिजनों को सोने का अंडा देने वाली मुर्गी समझते हैं। यही कारण है कि बड़े शहरों में जो प्रसिद्ध अस्पताल हैं, वहां भीड़ बढ़ती जाती है और डाक्टर ओवर वर्क्ड होते हैं। इसके अलावा लोगों की आस्था भी होती है कि वे किसी बाबा की शरण में जाएंगे तो उसके हाथ लगाते ही बीमार व्यक्ति ठीक हो जाएगा।

वैसे अपने देश में देवताओं की भी कोई कमी नहीं है। तैंतीस कोटि देवता बताए जाते हैं। बहुत से लोकल गाड्र्स भी हैं। वे भी लोगों द्वारा पूजे जाते हैं। तब हर रोज बनते इन बाबाओं का क्या काम। लेकिन अक्सर ये बाबा भी अपने को किसी भगवान का अवतार घोषित कर देते हैं।

इस संदर्भ में बचपन की एक घटना याद आती है। बड़े भाई को बचपन से ही पोलियो था। मां कहती थी कि उनके दोनों पैरों में पोलियो हुआ था। एक वैद्य ने उनका एक पांव का पोलियो ठीक कर दिया था। लेकिन दूसरे पैर का इलाज करते वक्त, उसे दादा जी का नाम पता चला। दादा जी ने गणित के इम्तिहान में उसके आग्रह के बावजूद उसके बेटे को पास नहीं किया था। वैद्य ने दुश्मनी निभाई और भाई का इलाज नहीं किया। खैर, मां और पिता जी के प्रयत्न से बड़े भाई बहुत उच्च शिक्षित हुए और कालेज में पढ़ाने लगे। एक बार आगरा में खबर फैली कि पास के गांव में एक बाबा आने वाले हैं। उनके हाथ लगाते ही

क्षमा शर्मा

बड़े से बड़ा रोग ठीक हो जाता है। मां उन दिनों वहीं थीं। वह भाई के पीछे पड़ गई। भाई ने बहुत विरोध किया। कहा कि उन्हें इन चीजों में कतई विश्वास नहीं है। मगर मां नहीं मानी। उसने खाना-पीना छोड़ दिया। अंत में भाई को उनकी जिद के आगे झुकना पड़ा। मां के साथ भाई और तीन-चार साल की यह लेखिका भी वहां पहुंचे जहां बाबा को आना था। वहां बेहद भीड़ थी। बाबा के लिए चार बांसों पर खटोला लगाकर एक मंच बनाया गया था। भीड़ शाम तक इंतजार करती रही मगर बाबा नहीं आया। सब निराश होकर लौट गए। कुछ दिन बाद खबर आई कि वह बाबा स्मगलिंग के केस में पकड़ा गया था।

यह भी कितने अफसोस की बात है कि बहुत से ऐसे बाबाओं को मीडिया का एक बड़ा हिस्सा खूब दिखाता है। उसका मानना है कि चूंकि बड़ी संख्या में लोग इनके अनुयायी होते हैं, इसलिए उनके चैनल की लोकप्रियता बढ़ती है। यही हाल राजनेताओं का भी है। वे अक्सर इन बाबाओं के खिलाफ इसी डर से नहीं बोलते कि इनके अनुयायी उन्हें वोट नहीं देंगे। हाथरस वाले बाबा के प्रसंग में भी यही सब हो रहा है। सिवाय दलितनेत्री मायावती के शायद ही कोई बोला है। यहां यह भी बताना समीचीन है कि यह घटना हाथरस के पास के शहर सिकंदरा राऊ के पास हुई है। लेकिन चैनल्स और अखबार इसे हाथरस बता रहे हैं। कुछ साल पहले जिस बच्ची के संदर्भ में हाथरस का जिक्र आया था, वह जगह भी हाथरस से लगभग बारह किलोमीटर दूर चंदपा थी। लेकिन दोनों प्रसंगों में नाम हाथरस का बदनाम हो रहा है। इन दिनों हम आइडेंटिटी पॉलिटिक्स के कारण एक ऐसे दौर में हैं, जहां उंगली अक्सर दूसरे की तरफ उठती है। अपनी जाति-धर्म के अपराधियों के समर्थन में भी लोग उठ खड़े होते हैं। कौन ज्यादा बड़ा अपराधी है और किस जाति-धर्म का है, इसकी प्रतियोगिता होने लगती है। कहा जाता है कि शिक्षा ऐसे पाखंडों से दूर करती है। लेकिन यह भी आंशिक सच ही है। बहुत से उच्च शिक्षित लोग भी ऐसे चमत्कारों में विश्वास करते देखे जाते हैं। बल्कि उच्च पदस्थ लोगों में गुरु बनाने का भी चलन बढ़ गया है। सिकंदरा राऊ की घटना के आलोचक यह भी कह रहे हैं कि आखिर औरतें क्यों इन पर विश्वास कर लेती हैं।

सवाल यही है कि जिनके हाथ में चाहे राजनीति की सत्ता है, मीडिया की सत्ता है, धन की सत्ता है, वे अपने-अपने लालच से कैसे बाज आएं। किसी को टीआरपी की चिंता है, किसी को वोट की, किसी को व्यापार के घटने की। ऐसे में आम जनता को कौन समझाए कि भाई ऐसे चमत्कार न होते हैं, न कोई कर सकता है। चमत्कार दिखाकर ऐसे पाखंडी रातोंरात अमीर जरूर बन सकते हैं।

सहज योग


# तीनों नाड़ियों के बीच संतुलन होना जरूरी



**पहला चक्र मूलाधार, दूसरा स्वादिष्ठान, तीसरा नाभि चक्र, चौथा चक्र अनाहद, पांचवा चक्र विशुद्धि और छठवां चक्र आज्ञा और सातवा मुख्य चक्र है सहस्त्रार है।**

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी प्रणित सहज योग आत्मज्ञान को प्राप्त करने की अत्यंत सरल, सुलभ और सहज ध्यान पद्धति है। यह परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति से जुड़ने का सरल एवं सिद्ध मार्ग है।

अधिकतर लोग जानते हैं कि परमात्मा का वास मनुष्य के भीतर है, लेकिन बहुत कम लोगों ने इसका अनुभव किया है। परमात्मा की सर्वव्यापकता शक्ति का प्रतिबिम्ब कुंडलिनी के रूप में हर व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी के निचले छोर पर स्थित पवित्र त्रिकोणकार अस्थि में सुप्तावस्था में विद्यमान है। मनुष्य के शरीर में मुख्यतः तीन नाड़ियां होती हैं। इड़ा,पिंगला और सुषुम्ना है। इड़ा नाड़ी इच्छा शक्ति और भूतकाल से संबंधित है, जबकि पिंगला नाड़ी क्रिया शक्ति और भविष्य काल से सबंधित है। सुषुम्ना नाड़ी वर्तमान काल से संबंधित हैं। इसके अलावा सात चक्र होते हैं। पहला चक्र मूलाधार, दूसरा स्वादिष्ठान, तीसरा नाभि चक्र, चौथा चक्र अनाहद, पांचवा चक्र विशुद्धि और छठवां चक्र आज्ञा और सातवां मुख्य चक्र है सहस्त्रार है। सहजयोग में तीनों नाड़ियों के बीच संतुलन होना जरूरी है। नाड़ियों के संतुलन के बाद ही हमारी कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है। कुंडलिनी शक्ति के जागृत होने के बाद वह सातों चक्रों का भेदन करते हुए, परम तत्व से एकाकार



हो जाती है। उसके बाद हमें परमचैतन्य का अनुभव करते हैं। इस ईश्वरीय शक्ति के जागृत होने पर मानव के सृजनात्मक व्यक्तित्व व उत्तम स्वास्थ्य का विकास होने लगता है और उसकी अंतर्जात प्रतिभा खिल उठती है। उस पर परमात्मा की कृपा बरसने लगती है। मनुष्य तनाव रहित जीवन, निःस्वार्थ प्रेम एवं आनंद की स्थिति में स्थापित होने लगता है। **सहय योग के लाभ :** सहजयोग के नियमित अभ्यास से मनुष्य का मानसिक विकास होता है। इसके अलावा साथ ही के स्वास्थ कैंसर, ब्लड प्रेशर, हाइपर टेंशन और हृदय के रोगियों को भी लाभ होता है। **सहज योग का महत्व :** योग करने से न केवल बीमारियों को दूर रखा जा सकता है, बल्कि मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिल सकती है। खासकर विद्यार्थियों के लिए तो योग अमृत के समान है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह


जीवन ऊर्जा

निकोला टेस्लाः जन्म-10 जुलाई 1856 | जन्म

# अकेले रहो, तभी विचारों का जन्म होता है

**निकोला टेस्ला का जन्म 10 जुलाई 1856 को स्किमडज़, क्रोएरिया में हुआ था। निकोला टेस्ला की बात करें तो वह आविष्कारक, भौतिक विज्ञानी, यांत्रिक अभियन्ता, विद्युत अभियन्ता और भविष्यवादी थे। टेस्ला को 7 जनवरी, 1 943 को अपने कमरे में मृत पाया गया था।**

हम सभी एक हैं, केवल घमंड, विश्वास और भय हमें अलग करता है। आविष्कारकों के पास विवाहित जीवन के लिए समय नहीं है। अकेले रहो, यही खोज का रहस्य है। अकेले रहो, तभी विचारों का जन्म होता है। सभी चीजों में से, मैं पुस्तकों को सबसे ज्यादा पसंद करता हूं। मैं परवाह नहीं करता कि उन्होंने मेरे विचार चुरा लिए, मैं परवाह करता हूं कि उनके पास अपने कोई विचार नहीं है। इंसान को स्पष्ट सोचने के लिए पागल बनना चाहिए। साधारण व्यक्ति की तुलना में बुद्धिमान व्यक्ति के पास कम दोस्त होते हैं। प्यार वो नहीं है जो तुम बनाते हो। जो तुम देते हो वो प्यार है। अगर तुम्हारी घृणा को विद्युत में बदला जा सकता तो यह पूरी दुनिया को प्रकाशमय कर देगा। मैं जो भी करता हूं उसमें ईच्छा जो मुझे



राह दिखाती है। यह वही ईच्छा है जो प्रकृति की ताकत को मानवता की सेवा करने के लिए उपयोग में लाती है। आविष्कार इंसान के रचनात्मक दिमाग का सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद है। अंतिम उद्देश्य भौतिक दुनिया पर मन की पूर्ण महारत और मानव प्रकृति की मानवीय जरूरतों के लिए कठोरता है। महान क्षण महान अवसर पर पैदा होते हैं। हमारे गुण और हमारी असफलताएं बल और पदार्थ की तरह अविभाज्य हैं। जब वे अलग हो जाते हैं, तो मनुष्य नहीं रहता। अगर आपकी नफरत को बिजली में बदला जा सकता है, तो यह पूरी दुनिया को रोशन कर देगी। वर्तमान उनका है, भविष्य, जिसके लिए मैंने वास्तव में काम किया है, मेरा है। वर्तमान भले ही उनका हैं। लेकिन भविष्य मेरा हैं क्योंकि वास्तव में मैंने इसके लिए काम किया हैं। ज्यादातर लोग बाहर की दुनिया में इतने लीन हैं कि वे अपने अंदर की दुनिया से बेखबर रहते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




# सत्य बहुत ही सरल है

एक बुजुर्ग शिक्षिका भीषण गर्मियों के दिनों में बस में सवार हुई, पैरों के दर्द से बेहाल, लेकिन बस में सीट न देख कर जैसे – तैसे खड़ी हो गई। कुछ दूरी ही तय की थी बस ने कि एक उम्रदराज औरत ने बड़े सम्मानपूर्वक आवाज़ दी, आ जाइए मैडम, आप यहाँ बैठ जाएं" कहते हुए उसे अपनी सीट पर बैठा दिया। खुद वो गरीब सी औरत बस में खड़ी हो गई। मैडम ने दुआ दी, बहुत-बहुत धन्यवाद, मेरी बुरी हालत थी सच में।₹ उस गरीब महिला के चेहरे पर एक सुकून भरी मुस्कान फैल गई।

कुछ देर बाद शिक्षिका के पास वाली सीट खाली हो गई। लेकिन महिला ने एक और महिला को, जो एक छोटे बच्चे के साथ यात्रा कर रही थी और मुश्किल से बच्चे को ले जाने में सक्षम थी, को सीट पर बिठा दिया।

अगले पड़ाव पर बच्चे के साथ महिला भी उतर गई, सीट खाली हो गई, लेकिन नेकदिल महिला ने बैठने का लालच



नहीं किया, बस में चढ़े एक कमजोर बूढ़े आदमी को बैठा दिया जो अभी अभी बस में चढ़ा था।

सीट फिर से खाली हो गई। बस में अब गिनी – चुनी सवारियां ही रह गईं थीं। अब उस अध्यापिका ने महिला को अपने पास बिठाया और पूछा,सीट कितनी बार खाली हुई है लेकिन आप लोगों को ही बैठाते रहे, खुद नहीं बैठे, क्या बात है? महिला ने कहा, मैडम, मैं एक मजदूर हूं, मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं कि मैं कुछ दान कर सकूं।

तो मैं क्या करती हूं कि कहीं रास्ते से पत्थर उठाकर एक तरफ कर देती हूं, कभी किसी जरूरतमंद को पानी पिला देती हूं, कभी बस में किसी के लिए सीट छोड़ देती हूं, फिर जब सामने वाला मुझे दुआएं देता है तो मुझे अपनी गरीबी भूल जाती है। दिन भर की थकान दूर हो जाती है । और तो और, जब मैं दोपहर में रोटी खाने के लिए बैठती हूं ना बाहर बेंच पर, तो ये पंछी चिड़ियां पास आ के बैठ जाते हैं, रोटी डाल देती हूं छोटे-छोटे टुकड़े करके। जब वे खुशी से चिल्लाते हैं, तो उन भगवान के जीवों को देखकर मेरा पेट भर जाता है। पैसा धेला न सही, सोचती हूं दुआएं तो मिल ही जाती है ना मुफ्त में। फायदा ही है ना, और हमने लेकर भी क्या जाना है यहां से

शिक्षिका अवाक रह गई, एक अनपढ़ सी दिखने वाली महिला इतना बड़ा पाठ जो पढ़ा गई थी उसे ।

अगर दुनिया के आधे लोग ऐसी सोच को अपना लें तो धरती स्वर्ग बन जाएगी। लेकिन सच तो यह है कि सत्य बहुत सरल है, एक साधारण इच्छा की तरह। कोई मेकअप नहीं, कोई तामझाम नहीं। लेकिन इसकी खूबसूरती यही है कि यह बेहद खूबसूरत होता है।




पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## परिश्रम

एक गधा था। जो बहुत मेहनती था पर हमेशा वह निराश रहता था। क्योंकि उसका मालिक हमेशा बहुत सारा सामान उसके पीठ पर लाद देता था । वह परिश्रम करके पूरी तरह परेशान हो चुका था। जैसे-जैसे दिन निकल रहे थे। उसके मन में काम के प्रति क्रोध की भावना जागृत हो रही थी। एक दिन गधा जब अपने कंधे पर समान का बोझ लेकर बड़े परेशान हालत में रास्ते से जा रहा था, वहा



एक छोटी सी चिटी एक दाना लेकर जा रही थी। उसी समय एक महापुरुष उसी रास्ते से गुजर रहे थे। उस समय चिटी के परिश्रम को देखकर प्रेमपूर्वक प्रणाम करते कहा, आप कर्म योगी हो। गधा क्रोध से महापुरुष को कहता है, मैं भी अपने कंधे पर इतना बोझ लेकर चल रहा हूं। आपको परिश्रम वह छोटी सी चिटी का ही परिश्रम दिखा। क्या मैं कर्मयोगी नहीं हूं? मेरे परिश्रम की कोई अहमियत नहीं है क्या? मेरी मेहनत क्या मेहनत नहीं है क्या ? मुझे इसका जवाब चाहीए। महापुरुष ने कहा, चिटी ने जो भार अपने सिर पर उठाया है, वह उसके आकार से कई गुना बड़ा है। वह अपना कार्य पूरे ईमानदारी, विश्वास, सेवा, और खुशी – खुशी से कर रहीं है । वह अपने कार्य को बोझ नहीं मानती। इसलिए वह कर्मयोगी है। यह सुनकर गधे को अपनी गलती का एहसास हुआ। सच्चा परिश्रम करने वाला व्यक्ति हमेशा खुश रहता है, क्योंकि वह अपने परिश्रम को अपना स्वयं का कर्त्तव्य समझकर निष्ठा से कार्य करता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# मानसून में स्कैल्प की खुजली से पाएं छुटकारा



मानसून हमारे बालों और स्कैल्प के लिए मुश्किल समय हो सकता है। बारिश और नमी आपके स्कैल्प को खुजलीदार और असहज बना सकती है। मानसून के मौसम में स्कैल्प की खुजली से निपटने में आपकी मदद करने के लिए यहां कुछ आसान उपाय दिए गए हैं।

### 1. अपने स्कैल्प को साफ रखें

अपने बालों को नियमित रूप से धोना बहुत जरूरी है। मानसून के दौरान, गंदगी और पसीना आपके स्कैल्प पर जमा हो सकता है, जिससे खुजली हो सकती है। अपने बालों को हर 2-3 दिन में साफ करने के लिए माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा शैम्पू का इस्तेमाल न करें; थोड़ी मात्रा ही काफ़ी है।

### 2. एंटी-डैंड्रफ शैम्पू का इस्तेमाल करें

मानसून में डैंड्रफ की समस्या बढ़ सकती है। हफ्ते में एक बार एंटी-डैंड्रफ शैम्पू का इस्तेमाल करने से डैंड्रफ को नियंत्रित करने और खुजली को कम करने में मदद मिल सकती है। केटोकोनाजोल, सेलेनियम सल्फाइड या जिंक पाइरिथियोन जैसे तत्वों वाले शैम्पू की तलाश करें।

### 3. अपने बालों को ठीक से सुखाएं

अपने बालों को धोने के बाद, उन्हें पूरी तरह से सुखाना सुनिश्चित करें। अपने बालों को बहुत देर तक गीला छोड़ने से आपके स्कैल्प में खुजली और संक्रमण होने का खतरा बढ़ सकता है। अपने बालों को सुखाने के लिए एक साफ तौलिये का इस्तेमाल करें और अपने स्कैल्प को बहुत ज्यादा रगड़ने से बचें।

### 4. गर्म पानी का इस्तेमाल न करें

अपने बालों को गर्म पानी से धोने से आपके स्कैल्प में रूखापन और खुजली हो सकती है। इसके बजाय गुनगुने या ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। यह आपके स्कैल्प को स्वस्थ रखने और रूखेपन को रोकने में मदद करता है।

### 5. प्राकृतिक उपचार का इस्तेमाल करें

खुजली वाले स्कैल्प के इलाज में प्राकृतिक उपचार बहुत कारगर हो सकते हैं। यहां कुछ सरल उपाय दिए गए हैं:

एलोवेरा जेल: अपने स्कैल्प पर ताजा एलोवेरा जेल लगाएं और इसे धोने से पहले 30 मिनट के लिए छोड़ दें। एलोवेरा में सुखदायक गुण होते हैं जो खुजली को कम कर सकते हैं।

टी ट्री ऑयल: नारियल तेल जैसे कैरियर ऑयल के साथ टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं और अपने स्कैल्प पर मालिश करें। टी ट्री ऑयल में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो खुजली और संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।

एप्पल साइडर विनेगर: एप्पल साइडर विनेगर को 1:1 अनुपात में पानी में घोलें और इसे अपने स्कैल्प पर लगाएँ। इसे धोने से पहले 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। सेब का सिरका आपके स्कैल्प के pH लेवल को संतुलित करने में मदद करता है और खुजली को कम करता है।

### 6. हेयर स्टाइलिंग उत्पादों से बचें

मानसून के दौरान, जैल, स्प्रे और सीरम जैसे बहुत सारे हेयर स्टाइलिंग उत्पादों का उपयोग करने से बचने की कोशिश करें। ये उत्पाद आपके स्कैल्प पर जम सकते हैं और खुजली का कारण बन सकते हैं। अगर आपको इनका उपयोग करने की ज़रूरत है, तो उन्हें ठीक से धोना सुनिश्चित करें।

### 7. स्वस्थ आहार बनाए रखें

संतुलित आहार खाने से भी आपके स्कैल्प को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है। विटामिन और खनिजों से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जियां, मेवे और बीज शामिल करें। अपने स्कैल्प को हाइड्रेट रखने के लिए भरपूर पानी पीना भी ज़रूरी है।

### 8. तनाव को नियंत्रित करें

तनाव के कारण स्कैल्प में खुजली हो सकती है। योग, ध्यान या गहरी सांस लेने के व्यायाम जैसी तनाव-मुक्त गतिविधियां करें। शांत मन से स्कैल्प स्वस्थ रह सकता है।

### 9. बारिश से अपने बालों को सुरक्षित रखें

बारिश में भीगने से आपके स्कैल्प में संक्रमण और खुजली होने की संभावना बढ़ जाती है। अपने बालों को छाते या हुड वाले रेनकोट का उपयोग करके सूखा रखने की कोशिश करें। अगर आपके बाल गीले हो जाते हैं, तो उन्हें जल्द से जल्द धोकर सुखा लें।

इन आसान उपायों को अपनाकर आप मानसून के मौसम में अपने स्कैल्प को स्वस्थ और खुजली से मुक्त रख सकते हैं। अपने स्कैल्प की अच्छी देखभाल करने से आप कितना सहज और आत्मविश्वासी महसूस करते हैं, इसमें बहुत फर्क पड़ सकता है।

# बेली फैट की परेशानी से निजात दिलाएंगे ये स्वास्थ्यवर्धक पेय



कल्पना कीजिए कि आप स्वादिष्ट, ताजगी देने वाले पेय पी रहे हैं जो न केवल आपकी प्यास बुझाते हैं बल्कि पेट के आसपास जमा फैट करने में भी आपकी मदद करते हैं। तीखे नींबू पानी से लेकर सुखदायक खीरे के पानी तक, ये खास पेय बनाने में आसान हैं और स्वास्थ्य लाभों से भरपूर हैं। ये आपके चयापचय को बढ़ावा दे सकते हैं, सूजन को कम कर सकते हैं और आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराने में मदद कर सकते हैं। जानें कि कैसे ये सरल, प्राकृतिक पानी आपके वजन घटाने की यात्रा का एक शक्तिशाली हिस्सा बन सकते हैं।

पेट की चर्बी कम करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन कुछ खास तरह का पानी पीने से मदद मिल सकती है। यहां हम आपको 5 तरह के पानी के बारे में बताने जा रहे हैं जो पेट के आसपास जमा फैट को कम करने में मदद कर सकते हैं, साथ ही वे कैसे काम करते हैं और उन्हें कैसे बनाया जाता है।

### 1. नींबू पानी

**यह कैसे काम करता है:** नींबू पानी में कैलोरी कम होती है और यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे ज़्यादा कैलोरी बर्न करने और पेट की चर्बी कम करने में मदद मिल सकती है।

**इसे कैसे बनाएं:**

एक गिलास गर्म पानी में आधा नींबू का रस निचोड़ें। बेहतरीन नतीजों के लिए इसे सुबह खाली पेट पिएं।

### 2. खीरे का पानी

**यह कैसे काम करता है:** खीरे का पानी हाइड्रेटिंग और कैलोरी में कम होता है। खीरे में फाइबर और पानी भरपूर मात्रा में होता है, जो विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और आपको भरा हुआ रखने में मदद करता है, जिससे स्नैक खाने की इच्छा कम होती है।

**इसे कैसे बनाएं:**

खीरे को पतले टुकड़ों में काट लें।

स्लाइस को पानी के जग में डालें और कुछ घंटों के लिए फ्रिज में रख दें।

इसे पूरे दिन पिएं।

### 3. अदरक का पानी

**यह कैसे काम करता है:** अदरक में प्राकृतिक सूजनरोधी गुण होते हैं और यह पाचन में मदद करता है। यह चयापचय को बढ़ावा दे सकता है और भूख को कम कर सकता है, जिससे पेट की चर्बी कम करने में मदद मिलती है।

**इसे कैसे बनाएं:**

अदरक के एक छोटे टुकड़े को छीलकर काट लें।

इसे पानी में लगभग 10 मिनट तक उबालें।

इसे ठंडा होने दें, पानी को छान लें और पी लें।

### 4. पुदीने का पानी

**यह कैसे काम करता है:** पुदीने का पानी पाचन में सहायता करता है और पेट को आराम पहुंचाता है। यह सूजन को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे आपका पेट छोटा दिखाई दे सकता है।

**इसे कैसे बनाएं:**

एक जग पानी में मुट्ठी भर ताजे पुदीने के पत्ते डालें।

इसे कुछ घंटों के लिए फ्रिज में रख दें।

इसे पूरे दिन पिएं।

### 5. एप्पल साइडर विनेगर वाटर

**यह कैसे काम करता है:** एप्पल साइडर विनेगर रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करके और चयापचय में सुधार करके पेट की चर्बी कम करने में मदद करता है। यह भूख को कम करने में भी मदद करता है, जिससे आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है।

**इसे कैसे बनाएं:**

एक गिलास गर्म पानी में एक बड़ा चम्मच एप्पल साइडर विनेगर डालें।

इसे खाने से पहले पिएं।

**बेहतरीन नतीजों के लिए सुझाव**

**नियमित रूप से पिएं:** नियमित रूप से पीना जरूरी है। बेहतरीन नतीजे पाने के लिए इन पानी को नियमित रूप से पिएं।

**संतुलित आहार:** इन पेय पदार्थों को स्वस्थ, संतुलित आहार के साथ मिलाएँ। खूब सारे फल, सब्जियां, लीन प्रोटीन और साबुत अनाज खाएं।

**व्यायाम:** नियमित शारीरिक गतिविधि, जैसे चलना, जॉगिंग या शक्ति प्रशिक्षण, वसा-जलाने के प्रभावों को बढ़ाएगा।

**हाइड्रेटेड रहें:** हाइड्रेट रहने और अपने चयापचय का समर्थन करने के लिए पूरे दिन सादा पानी पिएं।

मीठे पेय पदार्थों से बचें: सोडा और जूस जैसे मीठे पेय पदार्थों का सेवन कम करें, जो पेट की चर्बी बढ़ाने में योगदान कर सकते हैं।

# पानी में नमक डालकर नहाने के जबरदस्त फायदे



कल्पना कीजिए कि आप एक गर्म, सुखदायक स्नान में डूब रहे हैं जो न केवल आपकी मांसपेशियों को आराम देता है बल्कि आपकी त्वचा को भी स्वस्थ करता है और आपके मन को प्रसन्न करता है। प्राकृतिक खनिजों से भरपूर नमकीन पानी का स्नान आपके स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बेहतर बनाने का एक सरल लेकिन बेहतरीन तरीका है। तनाव से राहत से लेकर नींद में सुधार तक, नमक के स्नान के कई लाभ हैं। जानें कि कैसे यह आसान, प्राकृतिक उपाय आपके नहाने के समय को एक कायाकल्प करने वाले स्पा जैसे अनुभव में बदल सकता है।

## नमकीन पानी से नहाने के कुछ मुख्य फायदे इस प्रकार हैं:

### त्वचा का स्वास्थ्य

नमक का पानी त्वचा को साफ और शुद्ध करने में मदद करता है। यह त्वचा पर जमी गंदगी, तेल और विषाक्त पदार्थों को हटा सकता है। इससे त्वचा साफ़ और चिकनी दिखती है। नमक का पानी त्वचा को एक्सफोलिएट करने, मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने और नई त्वचा के विकास को बढ़ावा देने में भी मदद करता है।

### आराम

नमकीन पानी से नहाने से शरीर और दिमाग को आराम मिलता है। पानी की गर्माहट और नमक में मौजूद खनिज मिलकर तनाव और तनाव को दूर करते हैं। यह चिंता को कम करने और शांति की भावना को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।

### मांसपेशियों और जोड़ों को आराम

नमकीन पानी से नहाने से मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत मिलती है। नमक में मौजूद मैग्नीशियम जैसे खनिज सूजन को कम करने और दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। यह गठिया या मांसपेशियों में खिंचाव जैसी स्थितियों वाले लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है।

### बेहतर रक्त संचार

नमकीन पानी में भिगोने से रक्त संचार में सुधार करने में मदद मिल सकती है। पानी की गर्माहट रक्त वाहिकाओं को फैलाने में मदद करती है, जिससे रक्त अधिक आसानी से बहता है। यह समग्र हृदय स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है और शरीर की कोशिकाओं तक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को अधिक कुशलता से पहुँचाने में मदद कर सकता है।

### डिटॉक्सीफिकेशन

नमकीन पानी से नहाने से शरीर से डिटॉक्सीफिकेशन करने में मदद मिल सकती है। नमक त्वचा और शरीर से विषाक्त पदार्थों और अशुद्धियों को बाहर निकालता है, जिससे सिस्टम को साफ और तरोताजा करने में मदद मिलती है। इससे आप अधिक ऊर्जावान और तरोताजा महसूस कर सकते हैं।

### श्वसन स्वास्थ्य

नमकीन पानी से नहाने से भाप लेना श्वसन तंत्र के लिए फायदेमंद हो सकता है। यह वायु मार्ग को साफ करने और भीड़ को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे सांस लेना आसान हो जाता है। यह अस्थमा या एलर्जी जैसी श्वसन स्थितियों वाले लोगों के लिए विशेष रूप से मददगार है।

### बेहतर नींद

सोने से पहले नमक वाले पानी से नहाने से नींद में सुधार करने में मदद मिल सकती है। नहाने से मिलने वाला आराम और तनाव से राहत आपको सोने और सोते रहने में आसानी कर सकती है। इससे रात में ज्यादा आरामदायक और तरोताजा नींद आती है।

### मूड में सुधार

नमक के पानी से नहाने से मूड में सुधार भी होता है। आराम और तनाव से राहत अवसाद और चिंता की भावनाओं को कम करने में मदद कर सकती है। नमक में मौजूद खनिज मूड और मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

### नमक के पानी से नहान कैसे करें

टब भरें: अपने बाथटब को गर्म पानी से भरें।

नमक डालें: पानी में लगभग 1-2 कप प्राकृतिक समुद्री नमक, एप्सम नमक या हिमालयन नमक डालें।

मिलाएं: नमक को घोलने के लिए पानी को हिलाएं।

भिगोएं: लगभग 20-30 मिनट तक नहाने के पानी में भिगोएं। आराम करें और नमकीन पानी के सुखदायक प्रभावों का आनंद लें।

धोएं: नहाने के बाद, अपनी त्वचा से नमक के अवशेषों को हटाने के लिए ताज़े पानी से धोएं।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी। जोखिम न लें। एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**वृष:** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**मिथुन:** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर यात्रा की योजना बनेगी।

**कर्क:** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें।

**सिंह:** स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा।

**कन्या:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**तुला:** सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक:** तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।


**धनु:** भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है।

**मकर:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा।

**कुंभ:** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं।

**मीन:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक का प्रयोग करें।

# बहुत लेट और अधिक संघर्ष के बाद सफलता मिलती है इस तरह रेखा होने से जाने -



छोटी रेखाओं से बनने वाली आकृतियां भी भविष्य में होने वाले बदलाव की ओर इशारा करती हैं। इन रेखाओं और खास निशान को देखकर पता किया जा सकता है कि भविष्य में आपकी आर्थिक स्थिति कैसी रहेगी। हस्तरेखा के अनुसार ऐसे पता करें आर्थिक स्थिति के बारे में-

1. अगर किसी व्यक्ति की हथेली में जीवन रेखा सही गोलाई में हो। मस्तिष्क रेखा दो भागों में बंटी हुई हो। हथेली में त्रिकोण का चिह्न बना हो, ऐसे तीनों लक्षण हथेली पर एक साथ होते हैं तो ऐसे लोगों को धन लाभ होता है। ऐसी हथेली वाले लोगों को समय-समय पर अचानक धन लाभ मिल सकता है।

2. भाग्यरेखा हथेली के अंतिम स्थान से यानी मणिबंध से शुरू हो रही हो और शनि पर्वत तक पंहुच रही हो। साथ ही, भाग्य रेखा पर किसी प्रकार के अशुभ निशान न हो तो व्यक्ति व्यवसाय में सफलता प्राप्त कर सकता है। व्यवसाय से धन लाभ होने के योग बनते हैं।

3.अगर किसी व्यक्ति की हथेली भारी और फैली हुई हो। उंगलियां कोमल और नरम हों। ऐसी हथेली होने से व्यक्ति के धनवान होने का योग बनते हैं।

4. हथेली में शनि पर्वत यानी मध्यमा उंगली के पास से दो या इससे अधिक खड़ी रेखाएं हों तो व्यक्ति को धन और सुख मिलता है।

5. शनि पर्वत अगर उठा हुआ हो। जीवन रेखा सही तरीके से घुमावदार हो तो ये योग शुभ रहता है।

6. हथेली के अन्य योगों और अन्य रेखाओं के शुभ-अशुभ असर से यहां बताया गया फलादेश बदल भी सकता है।

और भी बहुत कुछ कहती है आपकी जन्मकुंडली आपके जीवन के लक्ष्य के बारे में आप भी अपने जीवन से जुड़ी हुई बहुत कुछ जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं।



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म मामले में पूर्व मंत्री वृषिण पटेल के खिलाफ वारंट जारी

पटना। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और पूर्व सांसद वृषिण पटेल के खिलाफ दुष्कर्म मामले में पॉक्सो कोर्ट ने वारंट जारी किया है। कुढ़नी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने पूर्व मंत्री के खिलाफ केस दर्ज किया था।नाबालिग लड़की के बयान पर मुजफ्फरपुर के विशेष अदालत ने संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू कर दी थी। लेकिन कंप्लेन केस होने के बाद भी कोर्ट की सुनवाई के दौरान पूर्व मंत्री वृषिण पटेल कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे। इस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है।

### पूर्व आईएएस अधिकारी मनीष वर्मा जदयू में शामिल

पटना। बिहार की राजनीति में एक और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी की एंट्री हो गई है। पूर्व आइएएस अधिकारी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सचिव रह चुके मनीष कुमार वर्मा ने मंगलवार को नीतीश कुमार की पार्टी जदयू की विधिवत सदस्यता ले ली है। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य समारोह में पार्टी की सदस्यता लेने के बाद मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि पहले मैं नीतीश जी दिल में थे और अब मैं उनके दल में आ गया हूं। मनीष कुमार वर्मा को जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार कुशवाहा की उपस्थिति में पार्टी कार्यालय में सदस्यता दिलायी। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य समारोह में पार्टी की सदस्यता लेने के बाद मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि पार्टी की सदस्यता लेने के पहले उन्होंने सोमवार को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार के सदस्य और बिहार विकास मिशन में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त सचिव के पद से इस्तीफा दे दिया।

### चोरों ने दिनदहाड़े लूटे 50 हजार कैश

**गिरिडीह :** बेंगाबाद में एक बार फिर अपराधियों ने बैंक ग्राहक को निशाने पर लेते हुए मंगलवार की दोपहर बाइक की डिक्की तोड़कर 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। इतनी सावधानी से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया कि बाइक में बैठे सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी और उसके पोता को भनक तक नही चल पाई। एक किराना दुकान में सामान खरीदने के बाद जब उसे डिग्गी में रखने लगा तब डिग्गी टूटा देख घटना की जानकारी हुई।

# महोबा में भीषण सड़क हादसा

## बाइकों की आपसी भिड़ंत में चार जिंदा जले, 3 घायल

एजेंसी | महोबा

यूपी के महोबा में तेज रफ्तार का कहर उस समय देखने को मिला जब तेज गति से बाइकें आपस में आमने सामने भिड़ गई। बाइकों की रफ्तार इतनी तेज थी कि भिड़त के बाद बाइकों में आग लग गई। हादसे में मासूम सहित चार की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि महिलाओं सहित चार के गंभीर रूप से घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। जिसने भी घटना स्थल में मंजर देखा वह दंग रह गया।



### बाइकों की आमने सामने भिड़त

कानपुर सागर राजमार्ग में श्रीनगर कस्बा के पास चितैयां के पास मंगलवार को दोपहर बाद बाइकों की आमने सामने भिड़त हो गई। बाइकों की भिड़त इतनी जोरदार थी कि बाइकों के पेट्रोल टैंक फटने से बाइकें आग का गोला बन गई और देखते ही देखते धूं धूकर जलने लगी। आग की चपेट में आने से बाइक सवार चार की जिंदा जलकर मौत हो गई। कुलपहाड़ कोतवाली के गांव मप्र के छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना के पीरा गांव निवासी दीपचंद्र का 22 वर्षीय पुत्र ललतेश अपने मामा कमलेश की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए मप्र के छतरपुर जिले के मलहरा गांव जा रहा था। बाइक में उसकी बहन 20 वर्षीय केसर के साथ भांजा 6 वर्षीय देवेंद्र पुत्र प्रेमनारायण और 5 वर्षीय राज पुत्र अरविंद्र निवासीगण मुढारी कुलपहाड़ भी सवार थे। बाइक जैसे ही चितैया के पास पहुंची सामने से आ रही बाइक से भिड़ गई। बाइक में सवार मामा ललतेश और भांजा राज की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक में सवार 40 वर्षीय बरा गांव निवासी चंद्रभान पुत्र सतीदीन और श्रीनगर के भंडरा गांव निवासी सुनील राही पुत्र चिरकुट्टा की जिंदा जलकर मौत हो गई है।

### बाइक बने आग का गोला

तीन घायलों को एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से मासूम देवेंद्र और उसकी मौसी केसर को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। दमकल ने मौके पर पहुंचकर बाइकों में लगी आग को बुझाया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, एडीएम रामप्रकाश अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचें और घटना को लेकर जानकारी हासिल की। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने बाइकों को आग का गोला बना देखा तो वह कांप गए।

# एक महीने से बिजली आपूर्ति बाधित, जनता परेशान

## भाजपा विधायक ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

एजेंसी | हरदोई

यूपी के हरदोई के मल्लावां और बिलग्राम में लगातार पिछले करीब एक महीने से हो रही बिजली की अघोषित कटौती से क्षेत्र के लोग कराह उठे हैं। आटा चक्की, वेल्डिंग समेत अन्य छोटे कारखाने लगाने वालों से लेकर हर कोई परेशान है। बिजली कटौती को क्षेत्रीय भाजपा विधायक आशीष सिंह आशू ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि बिलग्राम मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में पिछले लगभग एक महीने से विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित चल रही है। कई बार विभागीय अधिकारियों से भी संपर्क स्थापित कर विद्युत आपूर्ति



सुचारू रूप से किए जाने के संबंध वार्ता की गई। लेकिन अभी तक उक्त समस्या का पूर्ण रूपेण समाधान नहीं किया गया है। इससे क्षेत्र की जनता में अत्यंत रोष व्याप्त है। उन्होंने समस्या का जल्द समाधान किए जाने को कहा है।

### मल्लावां क्षेत्र में करीब 20 हजार से ज्यादा विद्युत उपभोक्ता


बिलग्राम मल्लावां क्षेत्र में करीब 20 हजार से ज्यादा विद्युत उपभोक्ता हैं। पिछले एक माह से उपभोक्ताओं को मात्र 8 से 10 घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। अक्सर लगातार 7 से 8 घंटे की कटौती की जा रही है। इसके बाद बिजली आने पर बार-बार ट्रिपिंग होती है। वह भी मात्र कभी 5 मिनट मिलती है तो कभी 10 मिनट, इससे ज्यादा देर रुकती ही नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पहले बीकापुर में करीब 238 करोड़ रुपये से नया पावरहाउस बन चुका है। वहां से मल्लावां तक बिजली आपूर्ति करने के लिए छह महीने पहले करीब सात किमी लंबी नई लाइन डाली जा चुकी है। यह कानपुर-मल्लावां रेलवे लाइन के ट्रैक के पास जुड़ी नहीं है। छह महीने से रेलवे से पत्राचार चल रहा है पर लाइन नहीं जुड़ पाई। इस कारण 17 किमी दूर उन्नाव जिले के बांगरमऊ पावर हाउस से मल्लावां में बिजली आ रही है। लंबी लाइन व ओवरलोडिंग के कारण अक्सर ट्रिपिंग होती है।

# बलिया में दो गुटों की हिंसक झड़प

## बीच-बचाव करने आयी महिला की मौत, दो अन्य घायल

एजेंसी | बलिया

बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र में दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आयी एक महिला की गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इस घटना में दो युवक भी घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद फहीम कुरैशी ने मंगलवार को बताया कि रसड़ा थाना क्षेत्र के रसड़ा कस्बे के उत्तर पट्टी मोहल्ले में सोमवार की रात धनजी राजभर उर्फ गोलू राजभर और अन्य की अभिषेक राजभर के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों को गंभीर चोटें आई। सीओ ने बताया कि मारपीट के दौरान बीच-बचाव



करने आयी महिला रमावती देवी (60) को भी गंभीर चोटें आ गयी। इस सूचना पर तत्काल उच्च अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने रमावती को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। इस घटना में धनजी राजभर उर्फ गोलू राजभर और आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। धनजी राजभर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# होमगार्ड के घर से पांच लाख के जेवर और 1.15 लाख कैश की चोरी

### जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी | हजारीबाग

संजय सागर-हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के हरली बेला बेलतौल निवासी होमगार्ड के जवान विजय कुमार पांडेय के घर से करीब पांच लाख रुपए के जेवर, 1.15 लाख रुपए कैश और जमीन के कागजात की चोरी हो गयी है। इस संबंध में होमगार्ड के जवान विजय कुमार पांडेय के पुत्र विवेक कुमार पांडेय के आवेदन पर बड़कागांव थाने में मामला (कांड संख्या 184/24) दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### करीब पांच लाख के जेवर की चोरी



हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाने में दर्ज मामले के अनुसार सोने की मांगटीका, नथिया, गले के हार, कान की बाली, कंगन, टॉप्स, चांदी का पायल, बिछिया, कमरधनी सहित लगभग पांच लाख के जेवरात, 1.15 लाख नगद, एक मोबाइल, करीब 30 हजार रुपए के पीतल के बर्तन और जमीन संबंधित कागजात समेत अन्य की चोरी हो गयी है। होमगार्ड का परिवार हजारीबाग में रहता है। गांव के घर में ताले लगे थे।

### बड़कागांव में बढ़ीं चोरी की घटनाएं

बड़कागांव थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चोरी की घटनाएं इन दिनों बढ़ गयी हैं। ब्राउन शुगर और नशापन करने वाले युवक चोरी की अधिकतर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। नौ जुलाई को उपप्रमुख वचन देव कुमार के घर के पास से बाइक की चोरी हो गयी। आंबेडकर मोहल्ला में समुदाय भवन के पास सोलर प्लेट, बैट्री, लाइट की चोरी हो गयी।

# कार-ऑटो की सीधी टक्कर, एक बुजुर्ग महिला की मौत

एजेंसी | गिरिडीह

गिरिडीह में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी है, जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग निकला। देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा कर एक परिवार कार से धनबाद लौट रहा था। इसी दौरान एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में कार और ऑटो की सीधी टक्कर हो गयी। बेंगाबाद-मधुपुर मुख्य मार्ग घुठिया के पास मंगलवार की सुबह कार और ऑटो में आमने सामने में टक्कर हो गयी। इससे दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। सड़क हादसे में कार सवार एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी, जबकि ऑटो चालक का पैर टूट गया है। इसके साथ ही आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और एंबुलेंस से सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# पेपर लीक मामले में बिहार से दो और आरोपी गिरफ्तार

### सीबीआई ने गया और नालंदा से पकड़ा

एजेंसी | पटना

नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई का एक्शन लगातार जारी है। मंगलवार को सीबीआई ने इस मामले में बिहार से दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पहला व्यक्ति सन्नी खुद एक अभ्यर्थी है। जबकि दूसरा रंजीत नाम का शख्स किसी अन्य परीक्षार्थी का पिता है। इन दोनों की गिरफ्तारी नालंदा और गया जिला से की गई है।




### अब तक 11 गिरफ्तारी


पेपर लीक मामले में इन दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ, इस मामले में अब तक कुल 11 गिरफ्तारियां हुई हैं। जिसमें बिहार के छह लोग, महाराष्ट्र में लातूर के एक व्यक्ति और गुजरात में गोधरा के एक व्यक्ति और उत्तराखंड के देहरादुन के एक व्यक्ति को अब तक गिरफ्तार किया गया है। इन सभी गिरफ्तारियों को पेपर लीक मामले की जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। नीट पेपर लीक मामले में CBI संजीव मुखिया और रॉकी के साथ -साथ झारखंड में अन्य अभियुक्तों की खोज कर रही है। सीबीआई रॉकी और संजीव मुखिया की तलाश में लगातार चपेमारी कर रही है।

## व्यापार जगत

# एसआईपी के जरिये जून में 21,000 करोड़ आए

एजेंसी | मुंबई

जून में चुनावी नतीजों के शुरुआती झटके के बाद भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता महीना बेहतरीन रहा है और इसका असर म्यूचुअल फंड्स के पूंजी प्रवाह पर भी पड़ा है। म्यूचुअल फंड निवेशकों ने एसआईपी यानी नियमित निवेश योजना के तहत बीते महीने 21,262 करोड़ रुपये लगाए हैं। यह एसआईपी के मामले में अब तक का सर्वोच्च स्तर है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, जून महीने में एसआईपी के जरिये निवेश मई के 20,904 करोड़ रुपये के मुकाबले अधिक है। एम्फी के सीईओ वेंकट चलसानी ने कहा कि एसआईपी के अंतर्गत प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां बढ़कर 12.43 लाख करोड़ रुपये हो गईं। इसका कारण बाजार में तेजी और नया निवेश प्रवाह है। जून में इक्विटी म्यूचुअड फंड में 40,608 करोड़ रुपये का इवेस्टमेंट आया जो कि मई के 34,697 करोड़ रुपये के पूंजी प्रवाह से 17 फीसदी ज्यादा है।




### '970 करोड़ रुपए का निवेश'

एम्फी के मुताबिक इक्विटी म्यूचुअल फंड के लार्ज कैप म्यूचुअल फंड्स कैटगरी में 970 करोड़ रुपये का निवेश आया है जो मई में 663 करोड़ रुपये रहा था। मिडैकप फंड्स में 2527 करोड़ रुपये का निवेश आया है जो मई में 2605 करोड़ रुपये रहा था जबकि स्मॉल कैप फंड्स में 2263 करोड़ रुपये का निवेश आया है जो मई में 2724 करोड़ रुपये रहा था। सेक्टरोल थीमैटिक फंड्स में सबसे ज्यादा 22,351।69 करोड़ रुपये का निवेश आया है जिसकी वजह है एनएफओ यानी नए फंड ऑफर है। जून महीने में नौ एनएफओ ने बाजार से 12,974 करोड़ रुपये जुटाए हैं।


### '55 लाख से ज्यादा खुले एसआईपी खाते खुले'

एम्फी के मुताबिक जून में 55 लाख 12 हजार 962 नए एसआईपी खाते खोले गए हैं जबकि कुल एसआईपी खातों की संख्या आठ करोड़ 98 लाख 66 हजार 962 हो गई है। एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश लगातार बढ़ता जा रहा है। एसआईपी के जरिए दिसंबर 2023 में 17,610 करोड़ रुपये का निवेश आया था। केवल छह महीने में ही एसआईपी से होने वाले निवेश में 20 फीसदी से ज्यादा का उछाल आ चुका है। जून महीने तक म्यूचुअल फंड्स चलाने वाली सभी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां चार फीसदी के उछाल के साथ 60.89 लाख करोड़ रुपये हो गईं है जो कि मई महीने में 58.64 लाख करोड़ रुपये थी

# बीते वित्त वर्ष में 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ीं : आरबीआई

एजेंसी | मुंबई

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई है। मार्च, 2023 के अंत में इन 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 59.67 करोड़ थी। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर 'उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापन - भारत केएलईएमएस आंकड़े' शीर्षक के तहत ये आंकड़े प्रकाशित किए हैं। यहां केएलईएमएस का आशय पूंजी (के), श्रम (एल), ऊर्जा (ई) सामग्री (एम) और सेवा (एस) से है। आंकड़ों में संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के 27 उद्योगों को शामिल किया गया है। इस तरह कृषि, व्यापार और वित्तीय सेवाओं सहित 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में इसमें 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी।



### 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़

केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में कुल रोजगार 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में 'कृषि, शिकार, वानिकी और मछली' क्षेत्र ने 25.3 करोड़ व्यक्तियों को रोजगार दिया था। यह आंकड़ा 2021-22 में 24.82 करोड़ था। इसके अलावा उल्लेखीय रोजगार देने वाले क्षेत्रों में निर्माण, व्यापार तथा परिवहन और भंडारण शामिल थे। आरबीआई ने कहा कि दस्तावेज 'भारत केएलईएमएस डेटाबेस संस्करण-2024' को आर्थिक वृद्धि और इसके प्रमुख क्षेत्रों में शोध को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

# चाय-कंपनियों के शेयरों में 10% से ज्यादा की तेजी रही

एजेंसी | मुंबई

टी प्रोड्यूसर कंपनियों के शेयरों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। आज बॉम्बे बर्मा ट्रेडिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, मैक्लियोड रसेल, जयश्री टी एंड इंडस्ट्रीज और रॉसेल इंडिया जैसी प्रमुख चाय कंपनियों के शेयरों में 10% से ज्यादा की तेजी रही। दरअसल, असम और अन्य चाय उत्पादक क्षेत्र कटाई के मौसम के दौरान बाढ़ और गर्म लहरों यानी हीट वेव्स से प्रभावित हुए हैं, जिसके चलते प्रोडक्शन में कमी आई है। इस वजह से ही चाय की कीमतों और सभी टी प्रोड्यूसर कंपनियों के शेयरों में यह तेजी आई है। इससे संकटग्रस्त भारतीय चाय इंडस्ट्री को सहारा मिल सकता है। टी प्रोड्यूसर्स पिछले 10 सालों से बढ़ती प्रोडक्शन कॉस्ट और चाय की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी से जूझ रहे हैं। सीनियर टी प्लांटर और इंडियन टी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन प्रभात बेजबोरुआ ने कहा, 'अत्यधिक मौसमी घटनाएं चाय उत्पादन को नुकसान पहुंचा रही हैं। मई में अत्यधिक गर्मी और उसके बाद असम में जारी बाढ़ के कारण उत्पादन में कमी आ रही है।

# सेंसेक्स ने 80,397 और निफ्टी ने 24,443 का हाई बनाया

### सेंसेक्स 391 अंक चढ़कर 80,351 पर बंद, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स चढ़े

एजेंसी | मुंबई

शेयर बाजार 9 जुलाई को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 80,397 और निफ्टी ने 24,443 का हाई बनाया। इसके बाद निफ्टी 112 अंक की तेजी के साथ 24,433 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं सेंसेक्स में 391 अंक की तेजी रही। ये 80,351 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में बढ़त देखने को मिली है। ऑटो, स्टील और बैंकिंग शेयर्स में आज ज्यादा तेजी रही। IT और ऑयल एंड गैस सेक्टर को छोड़कर आज सभी सेक्टर में तेजी देखने को मिली। निफ्टी ऑटो में सबसे ज्यादा 2.23 की तेजी रही। वहीं, फार्मा, PSU बैंक, हेल्थकेयर और रियल्टी में भी 1% से ज्यादा की तेजी रही।



### एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार

- एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार देखने को मिला है। जापान के निक्केई में 1।96% की बढ़त रही। वहीं शंघाई कंपोजिट में 1.26% की तेजी रही। हांगकांग के हैंगसेंग फ्लैट बंद हुआ।
- मारुति सुजुकी, ICICI बैंक, ITC, M&M, L&T, टाइटन और सनफार्मा ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। वहीं इंफोसिस, रिलायंस, बजाज फाइनेंस, कोटक बैंक और एयरटेल ने बाजार को नीचे खींचा।
- सोमवार को अमेरिकी बाजार में मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। डाओ जोंस 31.08 (0।079%) अंक गिरकर 39,344 पर बंद हुआ। वहीं NASDAQ 50.98 (0.28%) अंक बढ़कर 18,403 पर बंद हुआ।

### सीगल इंडिया लिमिटेड के IPO को मंजूरी

सीगल इंडिया लिमिटेड को इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी, IPO के जरिए फंड जुटाने के लिए मार्केट रेगुलेटर, सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया से मिल गई है। कंपनी ने 3 मार्च, 2024 को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। 5 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के फेस वैल्यू वाला यह IPO 1.42 करोड़ शेयरों का इश्यू होगा। इसमें नए शेयर्स के साथ ही कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। इस IPO के जरिए 617.69 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है।

### बाजार में रहा था फ्लैट कारोबार

इससे पहले 8 जुलाई को शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार देखने को मिला था। सेंसेक्स 36 अंक की गिरावट के साथ 79,960 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 3 अंक की गिरावट रही। ये 24,320 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में गिरावट और 15 में ही तेजी देखने को मिली थी।

# पतंजलि ने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोकी

एजेंसी | नई दिल्ली

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बाजार में अपने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोक दी है। उत्तराखंड ने अप्रैल में इन प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस सस्पेंड किए थे। पतंजलि ने मंगलवार (9 जुलाई) को सुप्रीम कोर्ट में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच को बताया कि लाइसेंस रद्द होने के बाद 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर्स को 14 प्रोडक्ट्स वापस लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मीडिया प्लेटफार्म्स से भी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को दो सप्ताह के भीतर एक एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया है। इसमें कपंनी को बताना है कि क्या सोशल मीडिया को-आर्डिनेटर्स ने इन प्रोडक्ट्स के विज्ञापन हटाने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और क्या उन्होंने विज्ञापन वापस ले लिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब 30 जुलाई को होगी।

## तीसरे टी-20 में आज फिर जिम्बाब्वे से होगी टक्कर

# जीत की लय बरकरार रखना चाहेगा भारत



**आमने-सामने**

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 10 |
| भारत जीता : | 7 |
| जिम्बाब्वे जीता : | 3 |

**नंबर गेम**

- 3 विकेट दूर हैं सुंदर टी-20 में 40 विकेट पूरे करने से
- 32 रन बनाते ही गिल टी-20 में 400 रन पूरे कर लेंगे

एजेंसी | हरारे

शुभमान गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम बुधवार को जिम्बाब्वे पर लगातार दूसरी जीत के साथ सीरीज में बढ़त बनाने के इरादे से मैदान में उतरेगी। टीम संयोजन भारत के लिए बड़ी समस्या होगी। खासकर सलामी जोड़ी को लेकर। टी-20 विश्व कप विजेता

### यशस्वी, दुबे और सैमसन के जुड़ने से और मजबूत हो गई टीम इंडिया



टीम के सदस्य रहे यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे जुड़ने से टीम और मजबूत हो गई है।

### अब यशस्वी होंगे गिल के जोड़ीदार

गिल के अभिषेक और यशस्वी में से अपने जोड़ीदार के रूप में किसी एक का चयन काफी मुश्किल होगा। अभिषेक ने पिछले मैच में ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेली थी। इससे टीम ने मुकाबला सौ रन से जीता था। वैसे भारत की पहली पसंद की टी-20 टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज होने के कारण यशस्वी का गिल के साथ पारी की शुरुआत का दावा पुख्ता लगता है।

### अभिषेक तीसरे नंबर पर

अभिषेक को तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। वैसे ऐसा होता नहीं है कि एक यादगार पारी खेलने के बाद बल्लेबाज को अगले मैच में बाहर कर दिया जाए। वैसे मनोज तिवारी और करूण नायर यह झेल चुके हैं।

### ध्रुव की जगह लेंगे संजू सैमसन

राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले सैमसन को पांचवें नंबर पर तो रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। सैमसन को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल की जगह मिलेगी। वहीं दुबे को पराग की जगह उतारा जा सकता है। साई सुदर्शन को बाहर किया जा सकता है।

### बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

जहां तक जिम्बाब्वे का सवाल है तो उसे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। हरारे स्पोर्ट्स क्लब की पिच पर अतिरिक्त उछाल में स्पिनर बिश्नोई और सुंदर को खेलना मुश्किल हो रहा था। मेजबान कप्तान सिकंदर रजा चल नहीं पा रहे जबकि बाकी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना करने में सक्षम नहीं दिख रहे। बेनेट और मेदेवेरे बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

## द्रविड़ की विदाई पर भावुक हुए विश्व विजेता टीम के कप्तान, कहा- आपने अपनी उपलब्धियां हावी नहीं होने दी

# रितिका आपको मेरी वर्क वाइफ कहती है : रोहित



एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के टी-20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को विदाई देते हुए भावुक हो गए। उन्होंने मानव प्रबंधन, कौशल और स्टार खिलाड़ी की अपनी छवि को काम पर हावी नहीं होने देने के लिए द्रविड़ का आभार व्यक्त किया। रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पहले कप्तान द्रविड़ के बारे में इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, मेरी पत्नी (रितिका सजदेह) आपको मेरी वर्क वाइफ कहती है। मैं भाग्यशाली हूं जो मैं आपको ऐसा कह कर बुलाने का हक रखता हूं। उन्होंने आगे लिखा, इस पर अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए मैं उचित शब्द खोजने की कोशिश कर रहा हूं लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि मैं ऐसा कर पाऊंगा। आप इस खेल के सच्चे दिग्गज खिलाड़ी हो। लेकिन आपने अपनी उपलब्धियों को पीछे छोड़कर हमारे कोच का पद संभाला। आप उस स्तर पर पहुंचे जिससे हम आपके साथ सहजता से बात कर सके। यह आपका उपहार, आपकी विनम्रता और इतने समय के बाद भी इस खेल के प्रति आपका प्यार है।



### 'आपसे बहुत कुछ सीखा'

रोहित ने कहा, मैं बचपन से ही अरबों अन्य लोगों की तरह आपका सम्मान करता हूं। लेकिन मैं भाग्यशाली हूं जो मुझे आपके साथ इतने करीब से काम करने का मौका मिला। मैंने आपसे बहुत कुछ सीखा और मैं हर याद को संजोकर रखूंगा। आपकी कई उपलब्धियों में इसकी (विश्व कप जीतने की) कमी थी। मैं बहुत खुश हूं कि हमने मिलकर इसे हासिल किया। राहुल भाई, आपको अपना विश्वासपात्र, अपना कोच और दोस्त कह पाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

### 'द्रविड़ की कप्तानी में किया था पदार्पण'

लगभग तीन वर्ष तक मुख्य कोच रहे द्रविड़ ने टी-20 विश्व कप में टीम को चैंपियन बनाने के बाद अपना पद छोड़ दिया था। रोहित की इस पोस्ट से भारतीय ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी और कोच के बीच सामंजस्य का भी पता चलता है। रोहित ने 2007 में डबलिन में द्रविड़ की कप्तानी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। द्रविड़ ने हाल में खुलासा किया था कि पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल में हारने के बाद रोहित ने उन्हें पद नहीं छोड़ने के लिए कहा था।

### नागल जर्मनी में एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में

एजेंसी | ब्रांश्विग

भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां ब्रांश्विग एटीपी चैलेंजर में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी आल्वेस के खिलाफ आसान जीत के साथ पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके दूसरे वरीय नागल ने आल्वेस को क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के पहले दौर में 6-1 6-4 से हराया। दुनिया के 73वें नंबर के खिलाड़ी नागल बुधवार को प्री क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना के पेड्रो केचिन से भिड़ेंगे। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसी महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की टेनिस स्पर्धाएं रोलां गैरो स्टेडियम में होंगी।

## आखिरी टेस्ट मैच को यादगार बनाना चाहेंगे एंडरसन

एजेंसी | लंदन

जेम्स एंडरसन ने 21 साल पहले जिस क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स मैदान में पहला टेस्ट खेला था उसी में अपना अंतिम और 188वां मुकाबला खेलकर करियर का अंत करेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला उनका विदाई मैच होगा। वह इसमें यादगार प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे तो साथी अपने इस दिग्गज खिलाड़ी को विजयी विदाई देना चाहेंगे।

### एक युग का अंत

इस टेस्ट में एक तरफ एक युग का अंत होगा तो दूसरा शुरू हो सकता है। सर्रे के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और विकेटकीपर जेमी स्मिथ को टेस्ट पदार्पण का मौका दिया गया है। दोनों ने पिछले साल इंग्लैंड के लिए सीमित ओवर प्रारूप में क्रिकेट खेला था। एटकिंसन वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा थे। एंडरसन ने अप्रैल में उस समय संन्यास का मन बना लिया था जब ईसीबी के प्रबंध निदेशक रॉब की, कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें बता दिया था कि वह 2025-26 में खेले जाने वाली एशेज की उनकी योजना का हिस्सा नहीं है। एंडरसन ने भारत में खेली गई अपनी पिछली सीरीज में 33.50 की औसत से 10 विकेट चटकाए। वह धर्मशाला में आखिरी टेस्ट के दौरान 700 विकेटों का आंकड़ा छूने वाले पहले तेज गेंदबाज बने थे।



**नंबर गेम**

- 21 साल पहले लॉर्ड्स में ही जेम्स ने खेला था अपना टेस्ट मैच
- 700 विकेट लेने वाले दुनिया के अकेले पेसर जबकि कुल तीसरे गेंदबाज हैं
- 3 बार मैच में उन्होंने दस विकेट चटकाए हैं तो 42/7 उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

### अल्वेस को हराकर नागल अंतिम-16 में

एजेंसी | ब्राउनश्वेग

शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को ब्रावो ओपन टूर्नामेंट के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे दूसरी वरीयता प्राप्त नागल ने ब्राजील के फेलिप अल्वेस को आसानी से 6-1, 6-4 से पराजित किया। विम्बलंडन के पहले दौर में बाहर होने वाले नागल का सामना अब अर्जेंटीना के पेड्रो कैचिन से होगा।



### कोहली की जगह लेना मुश्किल : गायकवाड़


एजेंसी | हरारे

भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ अच्छी तरह से जानते हैं कि बल्लेबाजी क्रम में तीसरे स्थान पर विराट कोहली की जगह की भरपाई करना काफी मुश्किल है और उनका ध्यान टीम की जरूरत के मुताबिक किसी भी स्थान पर बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। टी20 विश्व कप जीत के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने संन्यास की घोषणा कर दी।



# कॉमेडी करना बहुत मुश्किल होता है: तृप्ति डिमरी

दोपहर संवाददाता | @लोकेश चंद्रा



बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी फिल्मों से लेकर सोशल मीडिया तक हर जगह छाई हुई हैं। 'एनिमल' में जोया का किरदार निभाकर दर्शकों द्वारा 'नेशनल क्रश' का टाइटल पाने के बाद अब वे जल्द ही विक्की कौशल और एमी विर्क स्टारर फिल्म 'बैड न्यूज' में नजर आएंगी। ये फिल्म 2019 में आई 'गुड न्यूज' फ्रैंचाइजी का हिस्सा है जिसे निर्देशक आनंद तिवारी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म को लेकर तृप्ति से बातचीत की जहां उन्होंने अपने इस प्रोजेक्ट समेत अन्य विषयों पर खुलकर चर्चा की।

### फिल्म पर काम करने का अनुभव कैसा रहा और इस सफर को कितना एन्जॉय किया?

इस फिल्म पर काम करना बेहद मजेदार रहा। इसे हमने 'कला' की रिलीज के बाद शूट किया था और 'एनिमल' से पहले ही हमने इस पर काम कर लिया था। मैंने जब पहली बार इस फिल्म की कहानी सुनी थी तब मैं अपनी हंसी नहीं रोक पा रही थी। फिल्म के निर्देशक आनंद तिवारी की कॉमिक टाइमिंग गजब की है। मैंने कभी भी कॉमेडी जॉनर पर काम नहीं किया और सुना है कि कॉमेडी करना बहुत मुश्किल होता है और अगर आप कॉमेडी कर लेते हो तो आप कुछ भी कर सकते हैं। मुझे कॉमेडी से डर लगता था और जब मैं एक तरह की जॉनर में बंधकर अपने कम्फर्ट जोन में रह गई थी। तो मैंने सोचा कि अब मुझे कॉमेडी एक्सप्लोर करना चाहिए और सच में ये बेहद मुश्किल था। क्योंकि इसमें आपके को-एक्टर के साथ आपकी टाइमिंग और बॉन्डिंग काफी चीजें मायने रखती है। फिल्म के सेट पर रोज मैं केवल हंसती थी, ये सफर इतना यादगार था।

### आपको लगता है कि 'एनिमल' आपके करियर का टर्निंग पॉइंट था?

मेरे हिसाब से मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट 'बुलबुल' था क्योंकि उसी फिल्म के कारण मुझे एनिमल', 'बैड न्यूज' और साथ ही मुझे धर्मं कॉर्नरस्टोन एजेंसी में जगह मिली। मैंने जब 'लैला मजनू' की थी तो थिएटर में उसे अधिक लोगों ने नहीं देखा लेकिन ओटीटी पर आने के बाद वो लोगों के बीच चर्चा में आया। लेकिन 'बुलबुल' के बाद लोगों मुझे पहचानना और सीरियसली लेना शुरू किया। अगर मैंने वो फिल्म नहीं की होती तो शायद मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती जहां आज हूं।

### करण जौहर ने भी आपको 'नेशनल क्रश' के रूप में प्रमाणित कर दिया है, आप इसे स्वीकार करती है।

हां, उन्होंने कर तो दिया है। मेरे स्वीकार करने से क्या होगा, लोगों को करना चाहिए (हंसते हुए) उनका बड़प्पन है कि इतने बड़े फिल्ममेकर ने मुझे ऐसा कहा। लेकिन खुशी ही होती है जब इतने लोग आपको तहे दिल से इतना प्रेम देते हैं। मैं बेहद खुश थी।



### 'एनिमल' के बाद आप और बेहतर परफॉर्मेंस देने का प्रेशर महसूस करती हैं?

प्रेशर लेना न लेना ये हमारे ऊपर है। आप जितना बेहतर काम करते हैं उतना दर्शकों की आपसे उम्मीद बढ़ती है और साथ ही उतना ही आपकी फैन फॉलोविंग भी बढ़ती है। लेकिन मैं पूरा प्रयास करती हूं कि मैं अपने कम को पूरी ईमानदारी के साथ करूं क्योंकि अगर मैं खुद के साथ ईमानदार नहीं हूं तो ऑडियंस तो बहुत स्मार्ट है, वो 2 मिनट में पकड़ लेती है कि मैंने अपने काम को लेकर मेहनत कर रही हूं या नहीं। अगर मैं प्रेशर लेकर अपनी फिल्में चुनुंगी तो वो मेरे स्क्रिप्ट में भी दिखेगा। तो कोशिश यही है कि प्रेशर न लूं और दिल से काम करूं।

### रणबीर कपूर के साथ फैंस ने खूब पसंद किया, क्या आप 'ब्रह्मास्त्र' यूनिवर्स का हिस्सा बनना चाहेंगी?


ये सवाल तो करण जौहर सर से पूछना चाहिए। लेकिन एक एक्टर के नाते कहूं तो ये बहुत बड़ा अवसर होगा। कोई भी ऐसी बड़ी फिल्म अगर मिले जिसमें बड़े एक्टर्स हो तो आप उसका हिस्सा बनना चाहेंगे। मैंने 'ब्रह्मस्त्र' देखी है और इस फिल्म में कास्ट होना भी एक किस्मत की बात होगी। मैं ये सोचती हूं कि जो मेरी किस्मत में होगा वो मुझे मिलेगा। मैं कितना भी प्रयास करूं अगर किस्मत में नहीं वो चीज मुझे नहीं मिलेगी। जैसे 'लैला मजनू' का जब ऑडिशन किया जा रहा था तब मैं उसके लिए जा भी नहीं रही थी और इत्तेफाक से मैं वहां पहुंच गई और ऑडिशन दिया। तो ये साबित करता है कि किस्मत में लिखी चीज आपको जरूर मिलती है।

# 'कंगुवा' की रिलीज से पहले ही प्रशंसकों को बड़ा तोहफा



तमिल सुपरस्टार सूर्या की 'कंगुवा' साल 2024 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसमें सूर्या के साथ बॉबी देओल और दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसी बीच फिल्म की व्यापक रिलीज से कुछ महीने पहले ही स्टूडियो ग्रीन के निर्माता ज्ञानवेल राजा ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दे दिया है। ज्ञानवेल राजा ने फिल्म को फ्रेंचाइजी में बदलने का खुलासा किया है।

आइए इसके सीक्वल से जुड़े अहम अपडेट पर गौर फरमा लेते हैं- 'कंगुवा' का सीक्वल बनेगा और इसका निर्माण जल्द ही शुरू होगा। ज्ञानवेल राजा ने पुष्टि की कि 'कंगुवा' के दूसरे भाग का प्रोडक्शन साल 2026 में शुरू होगा। कुछ दशक पहले फिल्मों को दो हिस्सों में रिलीज करना भारतीय फिल्मों के लिए अव्यवहारिक माना जाता था। हालांकि, फिल्म निर्माता एसएस राजामौली ने अपनी 'बाहुबली' सीरीज के साथ उस धारणा को चुनौती दी, जिससे फिल्म निर्माताओं को बड़ी कहानियों का सपना देखने और उन्हें किश्तों में बताने के लिए प्रेरणा मिली। तत्काल सीक्वल की क्षमता वाले मूवी विचार अब मांग में हैं। 'कंगुवा' को शुरू में सिर्फ एक फिल्म बताया गया था। हालांकि, ऐसा लगता है कि निर्माताओं के पास इसके यूनिवर्स का विस्तार करने और फिल्म की लोकप्रियता को भुनाने की बड़ी योजनाएं थीं। फिलहाल, 'कंगुवा पार्ट 2' के बारे में बहुत कम जानकारी है।



# डीपफेक का शिकार हुए भुवन बाम

भुवन बाम यूट्यूब की दुनिया में एक बड़ा नाम और शानदार अभिनेता हैं। उन्होंने बीते कई वर्षों से अपने एक खास अंदाज में लोगों का मनोरंजन किया है। उनका यूट्यूब पर 'बीबी की वाइन्स' के नाम से एक चैनल है, जिसपर वह कॉमेडी वाले वीडियोज अपलोड करते हैं। भुवन के करोड़ो सब्सक्राइबर हैं। हालांकि, इन सब के बीच इंफ्लूएंसर डीपफेक वीडियो का शिकार हुए है, जिसे लेकर उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

भुवन बाम ने अपने प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक फर्जी वीडियो के बारे में सचेत किया है। इस वीडियो में भुवन लोगों से एक खास सट्टेबाज के आधार पर टेनिस में निवेश करने का आग्रह कर रहे हैं। भुवन ने इस मुद्दे पर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया और कहा, 'मैं अपने सभी प्रशंसकों को मेरे एक डीपफेक वीडियो के बारे में सचेत करना चाहता हूं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो है। यह वीडियो पूरी तरह से फर्जी और भ्रामक है, जो लोगों को सट्टेबाजी द्वारा टेनिस में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है।'

### निकोलस ने फिल्मों से संन्यास पर दी जानकारी

निकोलस किम कोपाला, जिन्हें निकोलस केज के नाम से भी जाना जाता है, एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निर्माता हैं। उन्होंने अपने करियर में कई अवॉर्ड जीते हैं। उन्हें उनकी बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जाना जाता है। उन्होंने हाल में ही अभिनय से सन्यास लेने और हॉलीवुड में अपने भविष्य को लेकर बात की है। इस दौरान उन्होंने कहा है कि वह अभिनय से सन्यास लेने की अपनी योजना को हकीकत में बदलने की ओर आगे बढ़ रहे हैं।



न्यूज़ ब्रीफ

### सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत ट्रायल कोर्ट ने खारिज की

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत खारिज कर दी। स्वास्थ्य आधार पर मांगी गई जमानत पर स्पेशल जज राकेश सयाल की अदालत ने आठ जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आवेदन को मेरिट के आधार पर खारिज किया गया है। बता दें सीबीआई ने 2017 में सत्येंद्र जैन के खिलाफ ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया था। सीबीआई की एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि जैन ने 2015 और 2017 के बीच आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। इस शिकायत के आधार पर ईडी ने जैन पर केस दर्ज किया और 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया था।

### एनटीए के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्ट फैकल्टी के बाहर क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने प्रदर्शन किया। यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) परीक्षा में आई गड़बड़ियों के खिलाफ भी रोष जताया गया। छात्रों ने कहा कि केवल नीट-यूजी ही नहीं तमाम परीक्षाओं में एनटीए की भूमिका लापरवाही भरी रही है। अब एनटीए ने सीयूईटी-यूजी परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी की है, उसमें गलतियां पाई गई हैं। एनटीए द्वारा दिए गए इन गलत उत्तरों को चुनौती देने की फीस 200 रुपये है, जो केवल छात्रों द्वारा गलती बताए जाने को रोकने के लिए है। यह राशि भी कम की जानी चाहिए। छात्रों ने कहा कि एनटीए को रद्द कर दिया जाना चाहिए।

### दिल्ली में बढ़ रहा डेंगू का खतरा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली में डेंगू के मामलों में वृद्धि से खतरा बढ़ा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री को इसका संज्ञान लेकर इससे निपटने की तैयारियां करनी चाहिए। यादव ने दावा किया कि दिल्ली में जून महीने तक डेंगू के 246 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार दोगुने मामले सामने आए हैं। अगर समय पर इसकी रोकथाम नहीं की गई तो बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। यादव ने कहा कि आप सरकार के शासन में वर्ष 2015 में पंद्रह हजार और 2021 में नौ हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे। इनमें से कई लोगों की मौत भी हो गई थी।

### SIT रिपोर्ट में भी भोले बाबा को क्लीनचिट

**लखनऊ/ हाथरस।** हाथरस हादसे के 7 दिन बाद UP सरकार ने पहला एक्शन लिया। SDM, CO समेत 6 अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। सरकार ने SIT की रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की। SIT ने सोमवार रात CM योगी को 900 पेज की रिपोर्ट सौंपी थी।

### सेम सेक्स मैरिज केस: सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सेम सेक्स मैरिज केस में रिव्यू पिटिशन पर ओपन कोर्ट में सुनवाई से CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्टूबर 2023 को सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट के पिछले साल के फैसले पर 56 रिव्यू पिटिशन डाले गए हैं।

# नए कानून से ट्रैफिक पुलिस जब्त नहीं कर पा रही वाहन

**इन हालात में गाड़ी करते हैं जब्त**

- नशे में अगर कोई गाड़ी चला रहा हो
- कोई नाबालिग गाड़ी चला रहा हो
- कोई लावारिस गाड़ी मिल जाए
- जांच में चोरी की गाड़ी पकड़ी जाए

एजेंसी । नई दिल्ली

देशभर में बीते एक जुलाई से लागू किए गये नए कानून को लेकर पुलिस को कुछ जगहों पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कानून के चलते जहां दिल्ली ट्रैफिक पुलिस गाड़ी जब्त नहीं कर पा रही तो वहीं कई जगह थाने के पुलिसकर्मियों को वीडियो बनाने एवं उसे ऐप पर अपलोड करने में दिक्कत आ रही है। इन समस्याओं से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है, ताकि जल्द समाधान किया जा सके। ट्रैफिक पुलिस सूत्रों ने बताया कि नया कानून लागू होने के बाद से गाड़ियां जब्त करने में समस्या आ रही है। दरअसल नए कानून में यह प्रावधान है कि किसी भी गाड़ी को जब्त करते समय उसका वीडियो बनाया जाएगा। इस तरह के वीडियो को ऐप पर अपलोड करना है, लेकिन ऐप पर वीडियो को अपलोड करते समय एफआईआर की संख्या या रोजनामचे में दर्ज डीडी एंट्री का नंबर भी देना अनिवार्य है।



**पुलिस का रोजनामचा अभी तक ऑनलाइन नहीं**

राजधानी में ट्रैफिक पुलिस का रोजनामचा अभी तक ऑनलाइन नहीं है और रजिस्टर पर ही डीडी एंट्री की जाती है। अभी तक रोजनामचा सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) से नहीं जुड़ा है। इसके चलते उनके द्वारा डाली जा रही डीडी एंट्री को ऐप नहीं ले रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की तरफ से निर्देश दिया गया है कि ट्रैफिक पुलिस के सभी सर्कल के रोजनामचे को ऑनलाइन कर सीसीटीएनएस से जोड़ा जाए।

**वीडियो अपलोड करने में भी समस्या**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस को गिरफ्तारी एवं बरामदगी का वीडियो बनाकर उसे ई-प्रमाण नामक ऐप पर अपलोड करना है। इसका इस्तेमाल कर पुलिस सारे मामलों के वीडियो को एक जगह एक ही सर्वर पर रख सकेगी और जरूरत पड़ने पर अधिकृत पुलिसकर्मी वीडियो को ऐप पर देख सकेंगे। हाल के कुछ मामलों में ऐप में तकनीकी समस्या के चलते वीडियो अपलोडिंग में समस्या आई है और संबंधित जांच अधिकारी ने तकनीकी समस्या के चलते वीडियो ऐप पर न अपलोड होने की बात को एफआईआर में भी लिखा है।

मोदी रूस यात्रा

# पीएम मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

एजेंसी । मॉस्को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल पुरस्कार से सम्मानित किया। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में असाधारण सेवाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत के लोगों को समर्पित करता हूं।



**कई देश कर चुके सम्मानित**

**1. भूटान : मार्च, 2024**

प्रधानमंत्री मोदी को इस साल मार्च में भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया था। भूटान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने उन्हें यह सम्मान दिया था। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं।

**2. पापुआ न्यू गिनी : मई, 2023**

पापुआ न्यू गिनी के गवर्नर-जनरल सर बॉब डाडे ने प्रधानमंत्री मोदी को मई 2023 में 'ग्रैंड कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू से सम्मानित किया था, जो पापुआ न्यू गिनी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

**3. फ्रांस : जुलाई, 2023**

प्रधानमंत्री मोदी को जुलाई 2023 में फ्रांस ने लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया था। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।

# सीएम केजरीवाल, विनोद चौहान के खिलाफ पूरक आरोपपत्र पर अदालत ने लिया संज्ञान

राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को 12 जुलाई के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी

एजेंसी । नई दिल्ली

राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ दायर पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। कोर्ट ने विनोद चौहान और आशीष माथुर के खिलाफ दायर पूरक आरोपपत्र पर भी संज्ञान लिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल, विनोद चौहान और आप के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया। आईओ के माध्यम से आशीष माथुर को समन जारी किया गया है। अदालत ने केजरीवाल और चौहान की पेशी के लिए मामला 12 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इस मामले में ये सातवीं और आठवीं पूरक चार्जशीट है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 17 मई को केजरीवाल और आप के खिलाफ पूरक अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) दायर किया था। सीएम को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

**हवाला डीलरों के माध्यम से चनप्रीत सिंह को 45 करोड़ रुपये भेजे**



ईडी द्वारा एक जुलाई को विनोद चौहान और आशीष माथुर के खिलाफ एक और पूरक अभियोजन शिकायत दायर की गई थी। वहीं, इस मामले में ईडी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के. कविता, आप नेता संजय सिंह, सीएम अरविंद केजरीवाल और कारोबारी समीर महेंद्रू समेत अन्य को गिरफ्तार किया है। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि इस बात के सबूत हैं कि केजरीवाल ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी, जो गोवा चुनाव प्रचार के लिए आप को दिए गए। यह भी कहा गया कि विनोद चौहान ने हवाला डीलरों के माध्यम से चनप्रीत सिंह को 45 करोड़ रुपये भेजे। चनप्रीत सिंह ही आप गोवा चुनाव अभियान की देखरेख कर रहे थे।

# दुर्गेश पाठक को हाई कोर्ट से झटका

**निर्वाचन को चुनौती देने के खिलाफ याचिका खारिज**

एजेंसी । नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता और विधायक दुर्गेश पाठक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने उस याचिका को खारिज करने से इनकार कर दिया है जिस याचिका में आप विधायक दुर्गेश पाठक को साल 2022 में विधायक चुने जाने का विरोध किया गया था। इस याचिका में दुर्गेश पाठक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्हें राजेन्द्र नगर विधानसभा सीट से विधायक चुने जाने का विरोध किया गया था। दुर्गेश पाठक ने उस विधानसभा चुनाव में हमने प्रतिद्वंदी को 11,468 वोटों से हराया था। जस्टिस यशवंत वर्मा ने 103 पन्नों के अपने आदेश में सोमवार को दुर्गेश पाठक की याचिका को कारिज कर दिया इस स्टेज पर ऐसा करना न्याय के मुताबिक उचित नहीं है। अदालत अब इस मामले में 22 जुलाई को सुनवाई करेगी।

**क्या है मामला ?**



याचिकाकर्ता राजन तिवारी का दावा है कि वो राजेंद्र नगर विधानसभा सीट के वोटर हैं। उन्होंने इस ग्राउंड पर दुर्गेश पाठक के निर्वाचन को चुनौती दी है कि आप विधायक ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाई है। इसके अलावा उनका यह भी आरोप है कि उन्होंने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में वित्तीय वर्ष 2019-2020 में आयकर रिटर्न की जानकारी छिपाई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि पाठक ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत भ्रष्टाचार में लिप्त होने के अलावा जानबूझ कर अहम तथ्यों को छिपाए। आम आदमी पार्टी के नेता ने इस याचिका को खारिज करे का अनुरोध करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि इस याचिका में कार्रवाई के कारण के बारे में हीं बताया गया है। दुर्गेश पाठक के वकील ने दलील देते हुए कहा कि दुर्गेश पाठक का नाम एफआईआर में नहीं है।

# इंटरनेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा

महिला डॉक्टर समेत 7 गिरफ्तार, मास्टरमाइंड बांग्लादेशी



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को इंटरनेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा किया है। मामले में इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल की एक महिला डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच के DCP अमित गोयल ने बताया कि इस रैकेट का मास्टरमाइंड एक बांग्लादेशी है। DCP अमित गोयल ने बताया कि हमने एक डॉनर्स और रिसीवर को भी गिरफ्तार किया है। रैकेट में शामिल रसेल नाम का एक व्यक्ति मरीजों और डॉनर्स की व्यवस्था करता था। वे प्रत्येक ट्रांसप्लांट के लिए 25-30 लाख रुपए लेते थे। यह रैकेट 2019 से चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार महिला डॉक्टर की पहचान 50 साल की डॉ विजया कुमारी के रूप में हुई है। वो फिलहाल निलंबित हैं।

# जलभराव के चलते कई जगहों पर लगा जाम

मध्य, उत्तरी, दक्षिणी एवं नई दिल्ली में ज्यादा बारिश हुई

**आजाद मार्केट के पास रेलवे ब्रिज को करना पड़ा बंद**

एजेंसी । नई दिल्ली




राजधानी में बारिश एवं जलभराव के चलते मंगलवार दोपहर को जगह-जगह जाम लग गया। एक तरफ जहां वाहनों की रफ्तार थमी तो वहीं दूसरी तरफ राहगीरों को भी इन जगहों से निकलने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आजाद मार्केट के समीप रेलवे ब्रिज के नीचे पानी भरने से उसे दो घंटे तक बंद करना पड़ा। इस दौरान वैकल्पिक रास्तों पर वाहनों को भेजा गया। शाम करीब पांच बजे यहां पर यातायात सामान्य हो सका। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर दिल्ली के अधिकांश इलाकों में बारिश हुई। खासतौर से नई दिल्ली, मध्य, उत्तरी एवं दक्षिण दिल्ली की तरफ ज्यादा बारिश देखने को मिली। इसके चलते कई जगहों पर जलभराव हो गया। बारिश के चलते रोहतक रोड पर राजधानी पार्क से मुंडका तक सड़क पर दोनों तरफ जलभराव हुआ। इसके चलते यहां से वाहनों को निकलने में काफी परेशानी हुई। ऐसी हालत महरौली-बदरपुर रोड पर खानपुर टी-प्वाइंट से लेकर हमदर्द चौक टी-प्वाइंट तक देखने को मिली। यहां भी जलभराव होने से वाहन रेंगते हुए नजर आए। आईटीओ चौक पर विकास मार्ग से डीडीयू मार्ग की तरफ जाने वाले रास्ते पर बारिश के चलते एक घंटे से ज्यादा समय तक पानी भरा रहा।

# एसएफजे पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) पर भारत विरोधी गतिविधियों के कारण लगाया गया प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी अधिसूचना में कहा कि एसएफजे को पांच साल पहले गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित किया गया था, क्योंकि इसकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियां देश की आंतरिक सुरक्षा और अखंडता के लिए हानिकारक हैं। अधिसूचना में कहा गया कि एसएफजे पंजाब और अन्य जगहों पर राष्ट्र-विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त है



तथा इसका इरादा भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करना है। मंत्रालय ने कहा कि एसएफजे भारतीय क्षेत्र के एक हिस्से को भारत संघ से अलग करने के लिए गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है और उनकी मदद कर रहा है। इसमें कहा गया कि विभिन्न विध्वंसक गतिविधियों में एसएफजे की भूमिका को देखते हुए गृह मंत्रालय ने यूएपीए के तहत लगाए गए प्रतिबंध को 10 जुलाई से पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

**फैसला** अधिकारियों ने निजी कंपनी का अनुबंध बिना कारण बताए कर दिया था रद्द

# सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के अधिकारियों का फैसला किया खारिज

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार के एक फैसले को खारिज कर दिया। इस निर्णय में एक निजी कंपनी को कोलकाता में दो अंडरपास के रखरखाव के संबंध में मिला ठेका बिना कोई कारण बताए रद्द कर दिया गया था। कोर्ट ने इसे मनमानी का अनूठा मामला करार दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को भी खारिज कर दिया, जिसमें अनुबंध रद्द करने के फैसले को बरकरार रखा गया था। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने फैसला सुनाते हुए कहा, हमारा मानना है कि यह मनमानी का एक अनूठा मामला है। पीठ ने इस तथ्य का उल्लेख किया कि अनुबंध रद्द करने का निर्णय कथित तौर पर एक मंत्री के आदेश पर लिया गया था।



**सुरक्षित रखा था फैसला**

शीर्ष अदालत ने आठ मई को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। फैसला सुरक्षित रखते हुए पीठ ने कहा था कि निजी पक्षों को काम देने वाले ठेकों को बिना कारण बताए रद्द नहीं किया जाना चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 25 मई, 2023 को एकल पीठ के उस फैसले को कायम रखा, जिसने सुबोध कुमार सिंह राठौड़ की अगुवाई वाली एक कंपनी को दिया गया ठेका निरस्त करने को मंजूरी दे दी थी। कंपनी को कोलकाता में दो अंडरपासों के रखरखाव का 10 वर्षों का अनुबंध मिला था। हालांकि, कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा सात फरवरी, 2023 को अनुबंध समाप्त कर दिया गया।

**अनुबंध रद्द करने का कारण नहीं बताया गया**

फैसले में कहा गया कि निजी पक्ष, जो अनुबंध प्राप्त करने के बाद निवेश करते हैं, उन्हें उचित लाभ मिलने की उम्मीद होती है। मामले के तथ्यों का हवाला देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अनुबंध रद्द करने का कोई कारण नहीं बताया गया।

# मोहन लाल बडौली बने हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष

एजेंसी । नई दिल्ली

भाजपा ने मंगलवार को सोनीपत जिले के राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली को पार्टी की हरियाणा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे बड़ौली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जगह लेंगे, जिनके पास प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी थी। पिछले साल मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उस समय वह प्रदेश अध्यक्ष थे। वह मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे।

**कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं**



भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक आधिकारिक जानकारी में कहा गया कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। बड़ौली ने 2019 में राई विधानसभा से चुनाव लड़ा था और 2,663 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। वह इस विधानसभा सीट पर चुनाव जीतने वाले भाजपा के पहले नेता हैं। पिछले दिनों संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें सोनीपत से तत्कालीन सांसद रमेश चंद्र कौशिक का टिकट काट कर उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। राज्य में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा 2014 से हरियाणा में सत्ता में है। कांग्रेस ने हाल के लोकसभा चुनावों में राज्य की 10 में से पांच सीटों पर जीत हासिल की थी।